वर्ष : 34 ▸ अंक : 07 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 15 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



राන्या राव को झटका : स्पेशल कोर्ट ने ठुकराई जमानत

▸ पेज - 8

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




नयनतारा ने किया 'टेस्ट' में अपने किरदार का खुलासा

▸ पेज - 7

# एनसीपी में फिर आएगा महाभूचाल!

- शरद पवार के खास जयंत पाटिल छोड़ सकते हैं साथ
- शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट ने किया दावा





**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति में नए सियासी समीकरण बनने के संकेत मिल रहे हैं। शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) में संभावित टूट को लेकर चर्चा जोरों पर है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वरिष्ठ नेता और शरद पवार के करीबी सहयोगी जयंत पाटिल जल्द ही अजित पवार गुट का हिस्सा बन सकते हैं। इस बीच, शिवसेना नेता और मंत्री संजय शिरसाट के बयान ने इन अटकलों को और बल दिया है।

### शिरसाट ने किया बड़ा दावा



संजय शिरसाट ने कहा, "मैं पहले भी कह चुका हूं कि जयंत पाटिल एनसीपी (एसपी) में ज्यादा समय तक नहीं टिकेंगे। जल्द ही इस पार्टी में बड़ा भूचाल आएगा और वह अजित पवार के गुट में शामिल होंगे।" गौरतलब है कि जयंत पाटिल को शरद पवार के सबसे भरोसेमंद नेताओं में से एक माना जाता है। ऐसे में अगर वह पार्टी छोड़ते हैं, तो यह एनसीपी (एसपी) के लिए बड़ा झटका होगा।

### एनसीपी नेताओं की प्रतिक्रिया

एनसीपी (एसपी) के वरिष्ठ नेता हसन मुश्रिफ ने भी माना कि जयंत पाटिल मौजूदा स्थिति से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को अगले पांच साल तक मजबूती से बनाए रखना आसान नहीं होगा। वहीं, शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि जयंत पाटिल संगठन के अहम स्तंभ हैं और पार्टी को उनकी जरूरत है।

### जयंत पाटिल के बयान से अटकलों को मिली हवा

राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तब और तेज हो गईं जब जयंत पाटिल ने अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर अनिश्चितता जताई। उनके इस बयान के बाद से महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मची हुई है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टिवार ने भी इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जयंत पाटिल पिछले कुछ दिनों से असंतुष्ट नजर आ रहे हैं।

### पिछले साल एनसीपी में आई थी बड़ी टूट

साल 2023 में अजित पवार ने शरद पवार से अलग होकर अपनी पार्टी बनाई थी, जिससे एनसीपी में फूट पड़ गई। चुनाव आयोग ने अजित पवार के गुट को असली एनसीपी करार देते हुए उन्हें पार्टी का नाम और चिह्न सौंप दिया। वहीं, शरद पवार गुट 'एनसीपी (एसपी)' के नाम से जाना जाने लगा।

### राजनीतिक समीकरणों पर सभी की नजरें

हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनसीपी ने 41 सीटें जीती थीं, जबकि शरद पवार का गुट केवल 10 सीटों पर सिमट गया था। ऐसे में अगर जयंत पाटिल भी अजित पवार के गुट में शामिल होते हैं, तो शरद पवार के लिए यह एक और बड़ा झटका होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जयंत पाटिल और शरद पवार इस पूरे घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

# ट्रक ने मुंबई-अमरावती एक्सप्रेस को मारी टक्कर



- बाल-बाल बचे यात्री
- बंद रेलवे क्रॉसिंग पार करने के प्रयास में हुआ हादसा

**एजेंसी | जलगांव**

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में शुक्रवार (14 मार्च) की सुबह बोडवाड रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक तेज रफ्तार ट्रक रेलवे क्रॉसिंग गेट को तोड़कर रेलवे ट्रैक पर फंस गया और मुंबई-अमरावती एक्सप्रेस (12111) से टकरा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रक चालक और ट्रेन में सवार यात्रियों को कोई चोट नहीं आई है।

### सुबह 4:30 बजे हुई टक्कर, 6 घंटे बाधित रहा रेल यातायात

यह घटना सुबह 4:30 बजे हुई, जिससे भुसावल-बडनेरा सेक्शन पर रेलवे यातायात बाधित हो गया। रेलवे ने तेजी से राहत कार्य शुरू किया और सुबह 8:50 बजे तक ट्रैक को साफ कर रेल संचालन बहाल कर दिया गया। इस दौरान करीब 6 घंटे तक इस मार्ग पर रेल सेवाएं प्रभावित रहीं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जब छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से अमरावती जा रही ट्रेन संख्या 12111 बोडवाड स्टेशन के पास पहुंची, तभी ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और क्रॉसिंग गेट से टकरा गया। ट्रक बैरियर तोड़ते हुए ट्रैक पर फंस गया। लोको पायलट की सतर्कता से ट्रेन की गति धीमी कर दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### रेलवे और सुरक्षा बलों ने किया त्वरित राहत कार्य

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे, स्थानीय पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्रैक को साफ करने के लिए तुरंत अभियान चलाया गया, जिससे यातायात बहाल किया जा सका।

रेलवे अधिकारियों ने दोबारा ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए सुरक्षा उपायों को मजबूत करने पर जोर दिया है। रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लेवल क्रॉसिंग पर निगरानी बढ़ाने के प्रयास कर रहा है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### शिवसेना नेता की गोली मारकर हत्या

**मोगा।** पंजाब के मोगा जिले में तीन अज्ञात हमलावरों ने शिवसेना के जिला अध्यक्ष मंगत राय मंगा की गोली मारकर हत्या कर दी। यह हमला निजी रंजिश के कारण किया गया, जिसमें 11 वर्षीय एक बच्चा और एक सैलून मालिक घायल हो गए। घटना के बाद शिवसेना नेताओं और समर्थकों ने मोगा शहर में विरोध प्रदर्शन किया और बंद का आह्वान किया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

### तीन दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह

**जोरहाट।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज देर शाम असम के दौरे पर पहुंचे। जोरहाट के ररैया हवाई अड्डे पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया, केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री पवित्र मार्घेरीटा समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गृहमंत्री का स्वागत किया। गृहमंत्री जोरहाट हवाई अड्डे से सीधे देरगांव के लिए रवाना हो गए। वे अपनी तीन दिवसीय सरकारी यात्रा के तहत पूर्वोत्तर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

भाजपा के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, गृहमंत्री शाह आज रात जोरहाट के ररैया हवाई अड्डे से सीधे देरगांव स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पहुंच रहे हैं। प्रशिक्षण केंद्र के गेस्ट हाउस में शाह रात्रि विश्राम करेंगे।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.33 लाख करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह (28 फरवरी से 7 मार्च तक) में 15.26 बिलियन डॉलर (1.33 लाख करोड़) बढ़कर 653.97 बिलियन डॉलर (करीब 56.86 लाख करोड़) पर पहुंच गया है। इससे पहले यानी 21 फरवरी से 28 फरवरी वाले सप्ताह में 15 हजार करोड़ घटकर 55.53 लाख करोड़ रुपए रह गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की ओर से जारी डेटा के मुताबिक, फॉरेन करेंसी एसेट्स (FCAs) 13.93 बिलियन डॉलर (1.21 लाख करोड़) बढ़कर 557.28 बिलियन डॉलर (48.46 लाख करोड़) हो गई। इस दौरान सोने के भंडार में बढ़ोतरी देखी गई। यह 1 बिलियन डॉलर (8,700 करोड़ रुपए) बढ़कर 74.32 बिलियन डॉलर (6.46 लाख करोड़ रुपए) हो गया। वहीं, स्पेशल ड्राइंग राइट यानी SDRs 1843 करोड़ रुपए बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपए हो गया।

# उल्हास नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत

- होली के बाद रंग छुड़ाने गए थे नदी में

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बदलापुर में एक दिल दहलानेवाली घटना सामने आई है। जिसमें होली खेलने के बाद नदी में रंग छुडवाने गए 4 नाबालिगों की मौत हो गई। लड़कों की उल्हास नदी में डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिसर में सनसनी मच गई। बताया जा रहा है की चारों चामटोली परिसर के रहनेवाले थे।



### गहराई का अंदाजा न लगने से हुआ हादसा

पानी का अंदाज नहीं आने की वजह से इनकी नदी में डूबकर मौत हो गई। इन लड़कों की मौत के बाद इनके परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद इनके परिवार में मातम छा गया है।

### क्या है पूरा मामला?

बताया जा रहा है की ये चारों चामटोली के पोद्दार गृह संकुल में रहते थे। चारों ने जमकर होली खेली। होली खेलने के बाद ये रंग निकालने के लिए उल्हास नदी में उतरे। लेकिन इन्हें नदी की गहराई का अंदाजा नहीं आने के कारण चारों नाबालिग पानी में डूब गए। मृतकों के नाम आर्यन मेदर, आर्यन सिंग, ओमसिंग तोमर सिद्धार्थ सिंग है। इस घटना की जानकरी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस ने और स्थानीय लोगों ने मिलकर इनके शव को बाहर निकाला।

### पहले भी इस परिसर में डूबकर हुई है मौत

इससे पहले भी इस परिसर में और आसपास के परिसर में लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। ठाणे जिले के आसपास भी झरने के पास कुछ छात्रों की डूबने से मौत हो चुकी है। इस हादसे के बाद परिसर में भी सनसनी मच गई है।

# स्वर्ण मंदिर में शख्स ने श्रद्धालुओं पर रॉड से बोला हमला

- 5 लोग हुए घायल, एक की हालत गंभीर

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर परिसर में आज (शुक्रवार को) तब अफरातफरी मच गई, जब एक अज्ञात शख्स ने लोहे के रॉड से श्रद्धालुओं पर हमला बोल दिया। इस घटना में पांच लोग घायल हो गए। बठिंडा के एक सिख युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका इलाज वल्लाह स्थित श्री गुरु रामदास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के आपातकालीन विभाग में चल रहा है। वह ICU में है। अमृतसर पुलिस ने बताया कि घायलों में दो लोग स्वर्ण मंदिर के सेवादार हैं, जबकि तीन श्रद्धालु हैं, जो क्रमशः मोहाली, बठिंडा और पटियाला के रहने वाले हैं।

### पहले बहस की, फिर रॉड लेकर आया



रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना से पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के कर्मचारी ने आरोपी व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते हुए पाया था और उसकी पहचान पूछी थी। तब वह उस स्टाफ से बहस करते हुए उलझ पड़ा था, जिसके बाद उसे वहां से चले जाने को कहा गया था। इसके बाद वह वहां से चला गया।

गुलमर्ग फैशन शो विवाद

# मॉडल्स-डॉयरेक्टर और एली इंडिया को समन

- 8 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

**एजेंसी | गुलमर्ग**

कश्मीर के गुलमर्ग में 8 मार्च को हुए फैशन शो को लेकर विवाद जारी है। शुक्रवार को श्रीनगर की एक अदालत ने फैशन शो के फोटोशूट डायरेक्टर्स, एली इंडिया मैग्जीन के चीफ एडिटर और शो में भाग लेने वाले मॉडल्स के खिलाफ नोटिस जारी किया है। यह आदेश फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फैजान आई. नजीर ने दिया।



### धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि फैशन शो के दौरान अश्लील और अनुचित सामग्री प्रदर्शित की गई, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। अदालत ने भारतीय दंड संहिता (BNS) की धारा 296 और 299 के अलावा, जम्मू-कश्मीर आबकारी अधिनियम, 1958 की धारा 50-ए के तहत उल्लंघन का मामला दर्ज करने की बात कही है।

### अदालत ने मांगा आरोपियों का जवाब

कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में संज्ञान लेने से पहले आरोपियों का पक्ष सुनेगी। आरोपियों को रजिस्टर्ड डाक के जरिए नोटिस भेजा गया है, जिसमें उन्हें 8 अप्रैल 2025 को अदालत में पेश होने के लिए कहा गया है।

**त्यौहार** सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम

# महाराष्ट्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई होली

## होली में 52 लोग घायल, 2 अस्पताल में भर्ती



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

होली के मौके पर पूरे महाराष्ट्र में उत्साह का माहौल रहा। लोग सड़कों और घरों में रंगों से सराबोर नजर आए। सीएम फडणवीस होली पर थोड़े रिलैक्स दिखे। परिवार के साथ रंगों का त्योहार मनाया। ठाणे में पार्टी नेताओं और समर्थकों के बीच शिंदे ने खूब धमाकेदार होली खेली।



### घायलों की संख्या घटी

रंगों और गुलाल की धूम के बीच, अलग-अलग स्थानों पर 52 लोग घायल हो गए। इनमें से कई लोगों को आंखों, सिर और पैरों में चोटें आईं। दो गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। इस साल घायल होने वालों की संख्या पिछले साल की तुलना में कम रही। 2024 में 93 लोग घायल हुए थे, जबकि इस साल यह संख्या घटकर 52 हो गई।

### घायलों का अस्पतालों में इलाज

शीव अस्पताल में 10 घायलों को भर्ती किया गया, जिनमें से 2 को अस्पताल में भर्ती रखा गया। एक को ऑर्थोपेडिक विभाग और दूसरे को सर्जिकल विभाग में भर्ती किया गया। कूपर अस्पताल में 10 घायलों को उपचार के बाद घर भेजा गया। केईएम अस्पताल में 7 मरीज भर्ती हुए, जिनमें से एक की आंख में मामूली चोट थी, जबकि अन्य को सिर, हाथ और पैरों में चोटें थीं। नायर अस्पताल में 2 लोगों का इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई। बांद्रा भाभा अस्पताल में 2 लोग झगड़े में घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। जे.जे. अस्पताल में दोपहर 1 बजे के बाद 6 घायल भर्ती हुए, जिनका इलाज कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। जी.टी. अस्पताल में 4 मरीजों का उपचार हुआ, जिनमें से एक व्यक्ति झगड़े में घायल हुआ था। पोद्दार आयुर्वेद अस्पताल में 11 मरीज भर्ती हुए, सभी को मामूली चोटें आई थीं और उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

# कार्नी बने कनाडा के नए पीएम



**ओटावा।** ओटावा में हुए शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही मार्क कार्नी ने कनाडा के 24वें प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार संभाल लिया। पूर्व सेंट्रल बैंकर और इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट कार्नी ऐसे वक्त पर सत्ता में आए हैं जब अमेरिका के साथ कनाडा की ट्रेड वॉर चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न सिर्फ कनाडाई सामान पर भारी टैरिफ लगाए हैं, बल्कि इकोनॉमिक फोर्स के जरिए कनाडा को अमेरिका में मिलाने की धमकी भी दी है। मार्क कार्नी का प्रधानमंत्री पद तक का सफर कई मायनों में अनोखा है। वे पहले ऐसे पीएम बने हैं जिन्होंने न तो हाउस ऑफ कॉमन्स और न ही सीनेट में कोई सीट जीती, सिवाय देश के पहले पीएम के जो चुनाव से पहले नियुक्त किए गए थे। लिबरल पार्टी के भीतर जब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की विदाई की चर्चा तेज हुई, तो पार्टी के सदस्यों ने भारी बहुमत से कार्नी को नेता चुन लिया।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# लावारिस सूटकेस से मिला महिला का सिर

### बच्चों को मिला संदिग्ध बैग, पुलिस ने शुरू की जांच

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार इलाके में एक लावारिस सूटकेस से महिला का कटा हुआ सिर मिलने से सनसनी फैल गई। यह सूटकेस कुछ बच्चों को मिला था, जिन्होंने जब इसे खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए। बच्चों ने तुरंत स्थानीय लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया।

### इलाके में दहशत का माहौल, पुलिस की जांच जारी

पालघर पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि महिला कौन थी और उसकी हत्या के पीछे कौन हो सकता है। अभी तक महिला के धड़ का पता नहीं चल पाया है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग काफी डरे हुए हैं। पुलिस ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

### फोरेंसिक टीम करेगी जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे



मांडवी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएगी। पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए इलाके में जांच तेज कर रही है। स्थानीय व्यापारियों और निवासियों से पूछताछ की जा रही है, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि सूटकेस वहां किसने रखा था।

# युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

### सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के चेंबूर स्थित वधाली गांव में 10 मार्च की रात युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को आरसीएफ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह हत्या पुरानी दुश्मनी के कारण की गई थी।

### पुरानी रंजिश में रची गई थी हत्या की साजिश

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी सुमित अंबोरे और मृतक विग्रेश चंदेल के बीच पुरानी रंजिश थी। 10 मार्च की रात सुमित ने विग्रेश को जरीमरी मंदिर के पास बुलाया और अपने साथी ओमकार मोरे के साथ वहां पहुंचा। जैसे ही विग्रेश वहां आया, दोनों ने मिलकर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।

### सीसीटीवी की मदद से हुई गिरफ्तारी



आरसीएफ पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि 10 मार्च की रात अज्ञात हमलावरों ने विग्रेश चंदेल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी और आरोपी फरार हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई, जिसके बाद गुरुवार रात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आगे की जांच जारी

आरसीएफ पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है कि हत्या की साजिश पहले से रची गई थी या यह अचानक हुआ विवाद था। साथ ही, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस वारदात में कोई और व्यक्ति शामिल था या नहीं।

## 'बीफ' ले जाने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार



नासिक। नासिक शहर में पुलिस ने शुक्रवार को कार में करीब 500 किलोग्राम 'बीफ' ले जाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की। एक अधिकारी ने बताया, ₹पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक कार में 'बीफ' ले जा रहे हैं, जिसके बाद शहर के खोडे नगर इलाके में जाल बिछाया गया।₹ उन्होंने बताया कि कार को रोका गया और उसमें से 3.50 लाख रुपये मूल्य के लगभग 500 किलोग्राम 'बीफ' को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि छह आरोपियों की पहचान शाहरुख निसार पिंजारी (29), समीर खलील शेख (25), अयान जब्बार शेख (19), आसिफ हुसैन कुरैशी (36), हुजैफ उमर साहब कुरैशी (26) और अरमान इस्माइल शेख (30) के रूप में की गई है। आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत मुंबई नाका पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## एंटी नारकोटिक्स सेल की गश्त में पकड़े गए तीन आरोपी, एक महिला भी शामिल



वसई। वसई-विरार नशे की लत की महामारी की चपेट में है, जहां युवा तेजी से ड्रग्स की ओर बढ़ रहे हैं। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए मादक पदार्थ निरोधक दस्ते (एंटी नारकोटिक्स सेल) द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, शुक्रवार सुबह एक विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थों की बाजार कीमत 1.08 करोड़ रुपये बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम विरार के म्हाडा इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान दो पुरुष और एक महिला संदिग्ध अवस्था में दिखे। पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास 257 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ। बोलिंगज पुलिस स्टेशन में तीन आरोपियों समीर साहब (28), जैस्मीन यूनुस (26) और परवीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों का कहना है कि आरोपी व्यापारिक बिक्री के लिए ड्रग्स लेकर आए थे और रंग पंचमी के मौके पर इसे बेचने की योजना थी। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ बोलिंगज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच एंटी नारकोटिक्स सेल के पुलिस उपनिरीक्षक संतोष घाडगे द्वारा की जा रही है। अपराध की आगे की जांच एंटी नारकोटिक्स सेल के पुलिस उपनिरीक्षक संतोष घाडगे द्वारा की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे, सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल और एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले के मार्गदर्शन में की जा रही है। इसका संचालन पुलिस उपनिरीक्षक संतोष घाडगे और पाठक, पुलिस कांस्टेबल इंगले, टाके, पाटिल, आव्हाड, पगधरे, घेरे और महिला पुलिस कांस्टेबल लतादेवी एक्कादेवी ने किया।

## हाईवे डिवाइडर से टकराई कार, कोई हताहत नहीं




मुंबईः शुक्रवार सुबह लगभग 11:15 बजे मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर कासा तालुका के अंबोली गांव की सीमा में होटल काठियावाड़ी के सामने एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सौभाग्यवश, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कार मुंबई से गुजरात की ओर जा रही थी जब वह हाईवे डिवाइडर पर लगे सीमेंट बैरिकेड से टकरा गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय पुलिस और राजमार्ग प्रशासन मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क के किनारे कराया, जिससे यातायात कुछ ही समय में सामान्य हो गया। यह घटना कासा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर हुई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस हाईवे पर बिना किसी योजना के मरम्मत कार्य किए जाते हैं और बिना किसी चेतावनी संकेत या नोटिस बोर्ड के सड़कों पर सीमेंट के बैरिकेड लगाए जाते हैं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा

## हरि मृदुल व पूजा आलापुरिया साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार की ओर से राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की गई है, इसमें हरि मृदुल को साहित्यकार रचना 'हंगल साहब, जरा हंस दीजिए' के लिए रजत व पूजा हेमराज आलापुरिया को हिंदी के बाल नाटक के लिए स्वर्ण पुरस्कार की घोषणा की गई है। इस संबंध में पर्यटन व सांस्कृतिक कार्य विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार, हिंदी भाषा, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

### समीक्षा और राष्ट्रभक्ति लेखन में सम्मानित लेखक



आचार्य नंददुलारे वाजपेयी पुरस्कार (समीक्षा) में डॉ. अवधेश कुमार राय को 'चिंतन के विविध आयाम' के लिए स्वर्ण पुरस्कार और डॉ. सुधीर वाघ रजत पुरस्कार की घोषणा की गई है। राष्ट्रभक्ति पर आधारित लेखन के लिए आईपीएस कृष्ण प्रकाश को 'ट्रस्ट वर्दी' के लिए स्वर्ण पुरस्कार और रेणु शर्मा को 'भारत वसुंधरा' के लिए रजत पुरस्कार मिलेगा। अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष शीतलाप्रसाद दुबे ने यह जानकारी दी।



### इन साहित्यकारों को भी मिला सम्मान

पद्मश्री अनंत गोपाल शेवडे हिंदी सेवा पुरस्कार डॉ. संजय सिंह को मिलेगा, जबकि वी. शांताराम ललित कला हिंदी विशिष्ट सेवा पुरस्कार से अखिलेंद्र मिश्र सम्मानित होंगे। कहानी विधा में मुंशी प्रेमचंद रजत पुरस्कार से 'काका कालेलकर पुरस्कार' डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह, आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार (निबंध) डॉ. वर्षा पुनवटकर को, 'क्षितिज के उस पार' पुस्तक के लिए अलका रागिनी को स्वर्ण पुरस्कार, डॉ. आभा सिंह को 'हम अंधन के अंध हमारे' के लिए रजत पुरस्कार और डॉ. फ़य्याज़ अहमद फ़ैज़ी को 'फलों में रंग भरे' के लिए कांस्य पुरस्कार मिलेगा।

# मुंबई की सड़कों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

### बीएमसी ने आईआईटी बॉम्बे को सौंपा ऑडिट का जिम्मा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में कंक्रीट सड़कों में दरारों की बढ़ती शिकायतों के बाद, बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने तीसरे पक्ष द्वारा ऑडिट और कड़ी निगरानी के लिए आईआईटी बॉम्बे को नियुक्त किया है। इसके अलावा, गर्मी के कारण कंक्रीट का काम रात में किया जा रहा है, ताकि निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित न हो।

### सड़कों के कंक्रीटीकरण पर बीएमसी का फोकस



बीएमसी इस समय 433 किलोमीटर में फैली 1,173 सड़कों के कंक्रीटीकरण पर काम कर रही है। चरण 1 में 260 सड़कें पूरी हो चुकी हैं और चरण 2 में 496 सड़कें निर्माणाधीन हैं। नगर निकाय का लक्ष्य 324 किलोमीटर की सड़कें मानसून से पहले पूरा करने का है।

### पवई में हुई कार्यशाला

सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर नागरिकों की चिंताओं के मद्देनजर आईआईटी बॉम्बे में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें इंजीनियरों और बीएमसी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में गुणवत्ता में सुधार, निर्माण की चुनौतियों और इंजीनियरों की चिंताओं पर चर्चा की गई। अतिरिक्त नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा कि इंजीनियरों को सतर्क रहना होगा ताकि किसी भी तकनीकी खामी या गुणवत्ता में कमी से बचा जा सके। कंक्रीट का काम रात में किया जा रहा है, क्योंकि कम तापमान में निर्माण की गुणवत्ता बेहतर रहती है। जूनियर इंजीनियरों और सहायक इंजीनियरों को रात की पाली में साइट पर मौजूद रहना अनिवार्य किया गया है।

## पथराव मामले की जांच में लापरवाही पर पुलिस अधिकारी निलंबित

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में आरएसएस के बच्चों के प्रशिक्षण शिविर पर पथराव की घटना की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में तिलकनगर पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ शिंदे को निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने पाया कि वह संदिग्धों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में विफल रहे और जांच में गंभीरता नहीं दिखाई। पुलिस के अनुसार, रविवार रात ठाणे जिले के डोंबिवली के कचोरे गांव में आयोजित आरएसएस के शिविर पर दो बार पथराव किया गया था। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। घटना के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठनों, आरएसएस स्वयंसेवकों और नागरिकों ने डोंबिवली में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदू एकता' के नारे लिखी तख्तियां लहराईं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# युवक पर जानलेवा हमला

### पानी के गुब्बारे को लेकर शुरू हुआ था विवाद

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

होली के दौरान रंग से भरे पानी के गुब्बारे (फुगे) को लेकर शुरू हुआ विवाद 17 वर्षीय युवक पर धारदार हथियार से हमले में बदल गया। यह घटना गुरुवार (13 मार्च) रात 8:30 बजे डोंबिवली पूर्व के मानपाड़ा रोड स्थित यशवंत कॉम्पलेक्स के पास हुई।

### इलाके में तनाव, पुलिस कर रही जांच



घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया। मानपाड़ा पुलिस ने हर्ष की शिकायत पर आरोपी प्रणय जाधव के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कादबाने के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक अभिजीत इस मामले की जांच कर रहे हैं।

### गुब्बारे से हुआ विवाद, युवक पर हमला

घटनास्थल पर बच्चे होली का आनंद लेते हुए एक-दूसरे पर रंगीन पानी से भरे गुब्बारे फेंक रहे थे। इसी दौरान, एक गुब्बारा गलती से 17 वर्षीय हर्ष शिवाजी कांबले के ऊपर गिर गया। इससे नाराज होकर प्रणय जाधव नामक युवक ने हर्ष को गालियां देते हुए उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद, प्रणय ने हर्ष को शंकेश्वर स्कूल के पास एक सुनसान जगह पर खींचकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, खासतौर पर उसके बाएं हाथ पर गहरी चोट आई।

# फेरीवालों से हफ्ता लेते कैमरे में कैद हुए पथक प्रमुख भगवान पाटील

### आयुक्त ने दिए जांच के आदेश

**सुशील सिंह | कल्याण**

कल्याण पूर्व के कल्याण-डोंबिवली नगर निगम के जे प्रभाग में फेरीवाला हटाव पथक के प्रमुख भगवान पाटील का फेरीवालों से हफ्ता लेते हुए वीडियो कैमरे में कैद हुआ। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच के आदेश दिए।



### कैसे हुआ खुलासा?

भगवान पाटील फेरीवालों को हटाने की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, लेकिन वीडियो में वे प्रभाग कार्यालय के प्रवेश द्वार पर एक व्यक्ति से पैसे लेते नजर आ रहे हैं। यह व्यक्ति दावा कर रहा है कि वह उन फेरीवालों से पैसा इकट्ठा कर रहा था जो हप्ता देने में आनाकानी कर रहे थे, और उसने 1500 रुपये की राशि सौंपने की बात कबूली। वीडियो वायरल होते ही नगर निगम की आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड़ ने मामले की गंभीर जांच के आदेश दिए। अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे ने मीडिया को बताया कि भगवान पाटील के खिलाफ गहन जांच होगी और उनका स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि आरोप सही पाए गए तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी विवादों में रह चुके हैं भगवान पाटील

भगवान पाटील पहले डोंबिवली के फ प्रभाग में भी फेरीवाला हटाव पथक में कार्यरत थे, जहां उनके फेरीवालों की रक्षा करने और उनसे अवैध वसूली करने की शिकायतें पहले भी आ चुकी हैं। हालांकि, राजनीतिक संबंधों के चलते वे अब तक कार्रवाई से बचते रहे थे। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारी संगठनों ने फेरीवालों से अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर निगम प्रशासन से अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

# शिक्षिका के घर में लगी आग

### 12वीं कॉमर्स की 175 उत्तर पुस्तिकाएं जलकर खाक

**डीबीडी संवाददाता | विरार**



विरार पश्चिम के नानभट रोड स्थित गॉड ब्लेस बंगले में शुक्रवार को एक शिक्षिका के घर आग लग गई, जिसमें 12वीं कॉमर्स की परीक्षा की जांच के लिए लाई गई 175 उत्तर पुस्तिकाएं जलकर खाक हो गईं। बताया जा रहा है कि दोपहर के समय जब घर पर कोई नहीं था, तब शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की, जिससे घरेलू सामान के साथ उत्तर पुस्तिकाएं भी जल गईं।

### दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

वसई विरार महानगरपालिका की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस घटना का एक वीडियो वायरल होने के बाद मामला सामने आया। बताया गया कि उत्तर पुस्तिकाएं उत्कर्ष विद्यालय जूनियर कॉलेज की एक शिक्षिका द्वारा जांच के लिए घर लाई गई थीं।

### पुलिस जांच में जुटी, कई सवाल खड़े

बोलिंज पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से छात्रों और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है, क्योंकि उत्तर पुस्तिकाओं के जलने से उनके परीक्षा परिणाम पर असर पड़ सकता है।

# होली पर नशे में धुत चालकों पर कार्रवाई

### 778 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

### उल्हासनगर में सबसे अधिक मामले

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

होली के अवसर पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 778 वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। इनमें शराब पीकर गाड़ी चलाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने और ट्रिपल सीट सवारी करने वालों पर विशेष ध्यान दिया गया। कुछ स्थानों पर नशे में ड्राइवर के पीछे बैठने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की गई।



### रात 12 बजे से पुलिस रही सतर्क

धूलिवंदन के दौरान सुरक्षा बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। युवाओं द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए पांचों सर्किल में विशेष व्यवस्था बनाई गई। पुलिस ने रात 12 बजे से ही नाकेबंदी कर निगरानी शुरू कर दी थी ताकि हुड़दंगियों को रोका जा सके।

### उल्हासनगर में सबसे ज्यादा, ठाणे में सबसे कम मामले

उल्हासनगर डिवीजन में 24 लोगों को नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया, जो कि अन्य डिवीजनों की तुलना में सबसे अधिक है। वहीं, ठाणे डिवीजन में सबसे कम 9 मामले दर्ज किए गए। यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाठ ने जानकारी देते हुए कहा कि होली के दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई ताकि सड़क सुरक्षा बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

मुंब्रा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पास, खाड़ी किनारे एक पेड़ से अज्ञात 50 वर्षीय व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही मुंब्रा पुलिस और दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल भेज दिया।फिलहाल, मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और कारण है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# औरंगजेब के दौर से भी बुरा है भाजपा का शासन

## 'अबू आजमी के बाद अब संजय राउत के विवादित बोल'



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

**महाराष्ट्र** में औरंगजेब के नाम पर राजनीति रुकने का नाम नहीं ले रही है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान पर मचा बवाल मुश्किल से शांत हुआ था कि शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने औरंगजेब के नाम का दूसरा बम फोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि- महाराष्ट्र में भाजपा का शासन औरंगजेब के दौर से भी बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में किसान, बेरोजगार और महिलाएं आत्महत्या कर रहे हैं और इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है।

### 'अगर मुगल ने अत्याचार किए, तो मौजूदा सरकार क्या कर रही है?'

अपने बयान में संजय राउत ने कहा, 'औरंगजेब को मरे 400 साल हो चुके हैं। उसे भूल जाओ। क्या महाराष्ट्र के किसान औरंगजेब की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं? नहीं, वे आपके कारण कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर मुगल शासक ने अत्याचार किए, तो अब सरकार क्या कर रही है? किसान आत्महत्या कर रहे हैं। बीजेपी का शासन औरंगजेब के दौर से भी खराब है।

### औरंगजेब की कब्र हटाने पर बयान

संजय राउत का यह बयान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उस टिप्पणी पर आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'हर कोई चाहता है कि औरंगजेब की कब्र हटाई जाए, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत सुरक्षित कर दिया था, इसलिए इसे कानूनी तरीके से हटाना होगा।' बता दें कि, भाजपा के सांसद और छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर में मौजूद औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की थी। मुगल शासक औरंगजेब को महाराष्ट्र में मराठों के खिलाफ युद्धों के लिए याद किया जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी को औरंगजेब ने पकड़कर तमाम यातनाएं दीं और फिर उनकी हत्या करवा दी थी।

### पहले अबू आजमी ने की थी औरंगजेब की तारीफ

सपा नेता ने दावा किया था, 'सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए... औरंगजेब क्रूर नहीं था।' एक समाचार चैनल के साथ इंटरव्यू में सपा नेता ने कहा था, 'मैंने औरंगजेब के बारे में जितना पढ़ा है, उसने कभी भी जनता का पैसा अपने लिए नहीं लिया, उसका शासन बर्मा (वर्तमान म्यांमार) तक फैला हुआ था, उस समय देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह एक महान प्रशासक थे, उसकी सेना में कई हिंदू कमांडर थे।'

# टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एक्ट की धारा 17(2) रद्द

## निजी भूमि मालिकों के हित से जुड़ा मामला


**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एक्ट, 1974 की धारा 17(2) को असंवैधानिक ठहराते हुए खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह प्रावधान सार्वजनिक हित या सतत विकास के बजाय निजी भूमि मालिकों के हितों से संबंधित है। इस धारा के तहत, एक ज़ोन के भीतर दूसरा ज़ोन बनाने की अनुमति दी गई थी, जिससे क्षेत्रीय योजना पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था।

### हजारों वर्ग मीटर भूमि पर हुआ था असर

राज्य सरकार के अनुसार, मार्च 2023 से 2 जनवरी 2024 तक इस धारा के तहत 353 स्वीकृतियां दी गईं, जिससे लगभग 26,54,286 वर्ग मीटर क्षेत्र प्रभावित हुआ। अदालत ने कहा कि इन परिवर्तनों में धान के खेत, प्राकृतिक आवरण, बाग और विकास रहित क्षेत्र शामिल थे, जिन्हें निपटान क्षेत्रों में बदला गया।

### तीन नागरिक संगठनों ने दायर की थी जनहित याचिका



गोवा फाउंडेशन, खजान सोसाइटी ऑफ गोवा और गोवा बचाओ अभियान ने जून 2023 में हाईकोर्ट में जनहित याचिका (PIL) दायर कर धारा 17(2) की वैधता को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि यह धारा सरकार को क्षेत्रीय योजना में अनियमित बदलाव करने की असीमित शक्ति देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रावधान का दुरुपयोग वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए भूमि उपयोग बदलने में किया जा रहा था।

### कोर्ट ने क्षेत्रीय योजना के साथ छेड़छाड़ पर जताई आपत्ति

न्यायमूर्ति निवेदिता पी. मेहता और एम.एस. कार्णिक की खंडपीठ ने कहा कि आवेदन दायर किए जा रहे हैं, उन पर विचार किया जा रहा है और बदलाव किए जा रहे हैं जिनकी कोई सीमा निर्धारित नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ज़ोन-इन-ज़ोन परिवर्तन क्षेत्रीय योजना को नुकसान पहुंचा रहा है और इस तरह के मनमाने रूपांतरण को रोका जाना चाहिए।

# एयरपोर्ट पर 3.60 करोड़ का सोना जब्त

## चार आरोपी गिरफ्तार, तीन हवाई अड्डा कर्मचारी शामिल



**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) पर कस्टम्स अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन में 3.60 करोड़ मूल्य का तस्करी किया गया सोना जब्त किया है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें तीन हवाई अड्डा कर्मचारी भी शामिल हैं। इस गिरफ्तारी से तस्करी ऑपरेशन में अंदरूनी मिलीभगत का संकेत मिलता है। ऑपरेशन के विशिष्ट विवरण जैसे तस्करी का तरीका, उड़ान संख्या और सटीक तिथि अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public at large, that the properties described below are owned by my clients M/s. Sadguru Builders through its partner Mr Kalpesh Shah and that they have not assigned their rights, title and / or interest to anybody and that if someone enters into transaction of any nature whatsoever with any third person, they may do so at their own risk, cost and consequences and that any such actions shall be treated as illegal and illegitimate.

**SCHEDULE ABOVE REFERRED TO**

| Sr no. | Type of property | Property description |
|---|---|---|
| 1. | 10 Flat's | Flats property all ownership rights and shares bearing 1. Building No. 2 Flat No. 704, Building no 4 Flat no 704, Building no 5 Flat no 104, Building no 6 Flat no 103 admeasuring Approx 475 sq.ft Carpet Area 2. Building No. 3 Flat No. 304, Building no 6 Flat no 104, admeasuring Approx 400 sq.ft Carpet Area 3. Building No. 3 Flat No. 704 admeasuring Approx 500 sq.ft Carpet Area 4. Building No. 5 Flat No. 704, Building no 6 Flat no 703, Building no 6 Flat no 704, admeasuring Approx 447 sq.ft Carpet Area All above flats situated in Sadguru Complex, opp Cinemax Cinema, Beverly Park, village Navghar, Mira Road, Thane - 401 107. |
| 2. | Vacant plot | Land property all ownership rights and shares Plot bearing Old Survey No. 429 corresponding New Survey No. 96. Hissa No. 4 admeasuring about 1720 sq.mts. situated in Beverly Park, village Navghar, Mira Road, Thane - 401 107. |

**Abhijeet A Dhumal**
**Advocate**
**Off.**: add- B/302, Rajdharshan Building, Dada patil wadi road, Thane West 400 601.



**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैकमैनों के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष का प्रावधान**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 **निविदा सूचना संख्या: बीसीटी / 24-25/308 दिनांक 12.03.2025 आमंत्रित करते है। कार्य और स्थान:उकाई सोनगढ़ - जलगांव सेक्शन :** टूल रूम सीनियर डीईएन/पूर्व/एमएमसीटी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ट्रैकमैनों के लिए 24 नग का प्रावधान टूलरूम एवं विश्राम कक्ष, उधना-जलगांव टीएफआर-35.074 टीकेएम, टीएफटीआर 39.839 टीकेएम और ट्रैकमैनों के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष की स्वीकृति के संबंध में(संयुक्त निविदा)। **कार्य की अनुमानित लागत:**2,72,64,119.03 **ईएमडी:** 2,86,300.00 **जमा करने की तिथि और समय:** 08.04.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 08.04.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ

1178

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**MAHATRANSCO**
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**Schedule of E-Tender Notice**

The tender document can be downloaded by the Bidder from website **https://srmetender.mahatransco.in**

| Sr. No. | E-Tender Reference | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | **E-Tender No.** | EE/EHV/P Dn/HR/KLN/Tender-02/2025-26 |
| 2 | **RFx No.** | 7000035752 |
| 3 | **Subject of E-Tender** | Requirement of skilled labours (Senior Technician/Technician I & II/Assistant Technician) at various Sub-Division offices under EHV Projects Division, Kalyan for Financial Year 2025-26 |
| 4 | **Estimated E-Tender Amount** | Rs. **63,52,735/-** including GST Rs. Sixtythree Lakhs Fiftytwo Thousand Seven Hundred Thirtyfive only including GST |
| 5 | **E-Tender Fees** | Rs. 500/- (Rs. Five Hundred only) + GST (as applicable.) It is non refundable. |
| 6 | **EMD (1% of Tender Amount)** | Rs. **63,527/-** Rs. Sixtythree Thousand Five Hundred Twentyseven only. |
| 7 | **Performance Bank Guarantee in lieu of Security Deposit (5% of Tender Amount)** | Rs 3,17,637/- (In figures) Rs. Three Lakhs Seventeen Thousand Six Hundred Thirtyseven only. To be furnished by successful Bidder within 14 calendar days from date of issue of Work Order. |
| 8 | **Tender Opening Date** | 11/03/2025 at 10:00 Hrs |
| 9 | **Tender Closing Date** | 25/03/2025 at 10:00 Hrs |
| 10 | **E-Mail Address to whom queries if any, to be sent by the Bidders** | hchr7620@mahatransco.in |
| 11 | **Date & Time of opening of Technical Bid** | 25/03/2025, 11:00 Hrs |
| 12 | **Date & Time of opening of Financial Bid** | It will be intimated by E-mail to only Technically Qualifying Bidders |
| 13 | **Contact Person and Telephone Numbers** | Nodal Officer's Designation- **Manisha Gaikwad, Head Clerk.** Office Address: "Tejashree" Bldg., 2nd Floor, "A" wing, Karnik Road, Kalyan (W) Dist. Thane-421301 Mob No. 9820384358. Email id: hchr7620@mahatransco.in |

For further details visit our website: **https://srmetender.mahatransco.in**
**Note:** All eligible contractors are mandated to get enrolled/registered on E-Tendering portal.
**Terms & Conditions:**
**a.** The Tender Documents can be downloaded online from aforesaid website, within aforesaid date.
**b.** The Bidder should have to submit their appropriate Bids (Technical & Financial) online, well in advance within aforesaid date & time. The scan copy of EMD receipt and Tender Fees Receipt should be submitted online along with the Bid.
**c.** The Technical Bid will be opened online on **25.03.2025 at 11.00 Hrs** and Financial Bid opening date will be intimated by E-mail to only Technically Qualifying Bidders.
**d.** MSETCL shall not be responsible for non-submission of Bid due to any website related problems.
**e.** The undersigned reserves the right to cancel the tender at any time without assigning any reason.
**f.** Bids shall remain valid for 90 days from the last date of submission of Bids.
**g.** MSETCL reserves the right to accept or reject or cancel any tender or relax any part of the tender offer without assigning any reasons thereof.

**Sd/-**
**Executive Engineer, EHV Project Division, Kalyan**



**पश्चिम रेलवे**

**वार्षिक रखरखाव सेवा अनुबंध**

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी **निविदा सूचना संख्या EL-Maint-4-334-WA-20 दिनांक 12/03/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** मुंबई डिवीजन गैर-उपनगरीय खंड: वैतरणा से पालधी के बीच 2 वर्षों के लिए 2 टीआर क्षमता के प्रेसिजन एयर कंडीशनर का व्यापक वार्षिक सेवा रखरखाव अनुबंध; **कार्य की अनुमानित लागत:** 10,51,028.00; **ईएमडी:** 21,000/-; **जमा करने की तिथि और समय:** 07/04/2025, 15:00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 07/04/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर जाएं

1185

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

**वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

एडीईई/टीआरडी/बीएल **ई-निविदा सूचना संख्या: EL/TRD/W/118/24-25/19 दिनांक 12.03.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के इलेक्ट्रिकल/टीआरडी/एनएस/बीसीटी के 02 वर्षों के लिए क्रेन की 5 टन डीजल हाइड्रोलिक रेल के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी); **कार्य की अनुमानित लागत:** 33,55,468/-; **ईएमडी:** 67,100/-; **प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 07.04.2025, 15.00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 07.04.2025 को 15.30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर जाएं

1182

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# भाजपा विधायक के करीबी भोसले को उत्तर प्रदेश से लाया गया महाराष्ट्र



## हत्या के प्रयास, अवैध शिकार और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में भाजपा विधायक सुरेश धस के करीबी सहयोगी सतीश भोसले उर्फ खोक्या को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार कर शुक्रवार सुबह बीड लाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीड पुलिस की एक टीम ने छत्रपति संभाजीनगर हवाई अड्डे पर भोसले को हिरासत में लिया, जिसके बाद उसे सड़क मार्ग से बीड ले जाया गया।

### भोसले पर दर्ज हैं कई गंभीर मामले

बीड पुलिस के अनुसार, सतीश भोसले के खिलाफ हत्या के प्रयास के तीन मामले दर्ज हैं, जिनमें से दो बीड जिले में और एक स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज है। इसके अलावा, वन अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिरूर कासार तहसील के जापेडवाडी निवासी भोसले भाजपा की 'भटके विमुक्त आघाड़ी' का पदाधिकारी है और उस पर पहले से ही कई आपराधिक मामले लंबित हैं।

### क्रिकेट बैट से हमला करने का वीडियो वायरल

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें भोसले और उसके गिरोह के सदस्य एक व्यक्ति पर क्रिकेट बैट से हमला करते हुए नजर आए थे। इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी थी।

### अवैध निर्माण पर भी चला प्रशासन का डंडा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को भोसले के शिरूर स्थित अवैध आवास को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि यह वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बनाया गया था।

### अवैध शिकार का विरोध करने पर किसान के बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला

एक स्थानीय किसान ने भी सतीश भोसले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। किसान का आरोप है कि उसके बेटे ने भोसले के गिरोह द्वारा हिरण का शिकार करने के लिए बिछाए गए जाल का विरोध किया, जिसके बाद भोसले ने कुल्हाड़ी से उसके चेहरे पर हमला कर दिया।


**पश्चिम रेलवे**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिमी रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008।
कार्य - मुंबई डिवीजन में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-35 | 27-03-25, 13:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-प्रचार कियोस्क) | VAPI स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन 1096 के अनुबंध के लिए 3 वर्ष की अवधि के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 27-03-25 13:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ प्रचार कियोस्क) | वलसाड (BL) स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन 1096 के अनुबंध के लिए 3 वर्ष की अवधि के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 27-03-25, 13:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-DDR-BCA-52-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-विज्ञापन के साथ बैटरी से चलने वाली गाड़ियाँ) | दादर (DDR) स्टेशन पर 3 (तीन) बैटरी से चलने वाली गाड़ियों (BOC) की आपूर्ति, संचालन और 1826 रखरखाव के कार्य के लिए ई-नीलामी, साथ ही ऑपरेटरों और BOC के शरीर पर विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति। | 1826 | 27-03-25 13:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएँ) | नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर 1826 आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना। | 1826 | 27-03-25 14:00:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-82 | 27-03-25, 14:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (विज्ञापन - घर से बाहर) | चर्चगेट स्टेशन पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से विज्ञापन 730 के प्रदर्शन के लिए थोक विज्ञापन अधिकार, प्लेटफ़ॉर्म नंबर 1 पिलर दीवारों के पश्चिम की ओर, सड़क की ओर मुख करके। | 730 | 27-03-25 14:30:00 |
| 2 | ADVT-EBW-S1-13EMUExt-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (खिड़की के नीचे)) | मुंबई डिवीजन, पश्चिमी रेलवे पर 13 ईएमयू (10 ईएमयू जिनमें से प्रत्येक में 12 कोच/कार हैं और 3 ईएमयू जिनमें से प्रत्येक में 15 कोच/कार हैं) की बाहरी साइड दीवार सतह (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग 1826 के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन 5 वर्ष की अवधि के लिए। | 1826 | 27-03-25 14:40:00 |
| 3 | ADVT-EBW-S1-15EMU12c-25-1 (विज्ञापन ट्रेन एक्सटीरियर (खिड़की के नीचे)) | 15 ईएमयू जिनमें से प्रत्येक में 12 कोच/कार हैं और 3 ईएमयू जिनमें से प्रत्येक में 15 कोच/कार हैं) की बाहरी साइड दीवार सतह (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन। मुंबई डिवीजन, पश्चिमी रेलवे पर ईएमयू (प्रत्येक ईएमयू में 12 कोच होते हैं) की 5 वर्ष की अवधि के लिए नीलामी, | 1826 | 27-03-25. 14:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-MMCT-OSD-395-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (डिजिटल)) | मुंबई सेंट्रल (मुख्य) स्टेशन पर 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 27-03-25, 15:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1 स्टेशन परिसर में (डिजिटल) पर विज्ञापन) | मरीन लाइन्स (MEL) पर स्टेशन भवन पर एलईडी स्क्रीन के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 27-03-25 15:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-ADH-OSN-379-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 15:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-CYR-OSN-369-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | चर्नी रोड (CYR) स्टेशन पर प्लेटफ़ॉर्म कॉपिंग वॉल और डिवाइडर फेंसिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 15:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-STC-OSN-377-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | सांताक्रूज़ (STC) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25. 15:40:00 |
| 9 | ADVT-BCT-VLP-OSN-378-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | विले पार्ले (VLP) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25. 15:50:00 |
| 10 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज और सीढ़ी लैंडिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 16:00:00 |
| 11 | ADVT-BCT-MX-OSN-373-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | महालक्ष्मी (MX) स्टेशन पर रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 16:10:00 |
| 12 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | मुंबई डिवीजन, पश्चिमी रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्टों पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 16:20:00 |
| 13 | ADVT-BCT-GTR-OSN-371-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | ग्रांट रोड (GTR) स्टेशन पर रेलिंग पर पटरियों के बीच 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 16:30:00 |
| 14 | ADVT-BCT-MEL-OSN-370-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | मरीन लाइन्स (MEL) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 16:40:00 |
| 15 | ADVT-BCT-KHAR-OSN-376-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | खार (KHAR) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 16:50:00 |
| 16 | ADVT-BCT-ADH-OSN-392-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | अंधेरी (ADH) स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 17:00:00 |
| 17 | ADVT-BCT-GTR-OSN-157-23-2 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | प्लेटफ़ॉर्म पर 3 साल की अवधि के लिए ग्रांट रोड (GTR) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 17:10:00 |
| 18 | ADVT-BCT-DDR-OSN-375-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | दादर (DDR) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 17:20:00 |
| 19 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-372-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | मुंबई सेंट्रल लोकल स्टेशन (MMCT) पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25 17:30:00 |
| 20 | ADVT-BCT-PL-OSN-374-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | लोअर परेल (PL) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 27-03-25, 17:40:00 |

**नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं।

1176

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अस्पताल, कांदिवली (पश्चिम) मुंबई-400067**
क्रमांक एचओ/बीडीबीएएच/12175/एसआर दिनांक 13/03/2025

**ई-निविदा सूचना**

चिकित्सा अधीक्षक, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर नगर सामान्य अस्पताल, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई-400 067 निम्नलिखित कार्य के लिए तीन चरण की बोली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
ई-टेंडर नोटिस के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होगी। ई-निविदा का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | विवरण | ई निविदा नंबर | ई निविदा शुल्क | ईएमडी | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बीडीबीए अस्पताल में विभिन्न स्थानों पर वर्टिकल वॉल एज प्रोटेक्टर एसएस उपलब्ध कराना और ठीक करना । | 2025_MCGM_1159792_1 | रु.1320/- +18% जीएसटी | 10000/- | 15/03/2025 11.00 बजे तक | 22/03/2025 13.00 बजे |
| 02 | एक्सेस के साथ ज़ेरॉक्स मशीन और डुप्लेक्स एडीएफ के साथ ए3 आकार के फ्लैटबेड दस्तावेज़ स्कैनर उपलब्ध कराना और स्थापित करना। | 2025_MCGM_1158398_1 | रु.1320/- +18% जीएसटी | 16500/- | 15/03/2025 11.00 बजे तक | 22/03/2025 13.00 बजे |

**नोट:**-बयाना जमा (ईएमडी) का अंतिम भुगतान ऑनलाइन नियत तिथि और निर्धारित समय से पहले है। यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो उसे केवल बीएमसी और महाटेंडर वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

मनपा आयुक्त को किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी ई-टेंडर को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-
उप चिकित्सा अधीक्षक
भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अस्पताल, कांदिवली (पश्चिम)

पीआरओ/ 2824/विज्ञा./2024-25

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## संपादकीय

# मन की गांठें खोल

आज के भागम-भागम दौर में जब हमारी सोच, रहन-सहन और खान-पान पूरी तरह से कृत्रिम हो चला है तो शहरी जीवन में लोग तमाम मनोकायिक रोगों से ग्रस्त हो गए हैं। योग और प्राकृतिक चिकित्सा का भी यह निष्कर्ष है कि मन स्वस्थ होने पर हम निरोगी होते हैं। जब हम अपनी भावनाओं व विचारों को कृत्रिमता के साथ अभिव्यक्त करते हैं तो नकलीपन से उपजा तनाव हमें बीमार बनाता है। आधुनिक चिकित्सा के शोध-अनुसंधान भी स्वीकारते हैं कि सकारात्मकता हमारे उपचार में मददगार होती है। वह दवा का काम करती है। दरअसल, अच्छे विचारों व धनात्मकता से हमारे शरीर के स्वास्थ्यवर्धक हॉर्मोन्स निकलते हैं। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययन भी बताते हैं कि आस्थावान और सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोग स्वस्थ रहते हैं। अब चाहे धर्म हो या अध्यात्म, उसके मूल में परोपकार की भावना होती है। यह परोपकार की भावना ही हमारे लिये उपकार का काम करती है। सोशल मीडिया पर एक जुमला अक्सर घूमता रहता है– 'दोस्तो दिल खोलकर जीओ, अन्यथा डॉक्टर आपका दिल खोलेगा।' यह सर्वविदित है कि हमारे जीवन की कृत्रिमता, तनाव, अवसाद आदि हृदय रोग बढ़ाते हैं। बहरहाल, होली का त्योहार आया है। हमारे पूर्वजों ने इस त्योहार की संकल्पना इसी मकसद से की होगी कि समाज में दैनिक जीवन की एकरसता टूटे। लोग दिल खोल के मिलें। जब हम रंगों से सराबोर होते हैं तो न कोई गोरा रह जाता है न काला। तब हम नहीं पहचान सकते हैं कि वह किस धर्म, संप्रदाय या वर्ग का है। अपने मित्रों व रिश्तेदारों से हम महीनों नहीं मिलते। होली हमें मिलने-जुलने का मौका देती है। आफिस के तनाव व रूटीन जिंदगी से छुट्टी मिलती है। रंगों का भी अपना नशा होता है। होली खेलने के बाद हमें अच्छी नींद आती है। रंग भी हमें सहजता-सरलता का नशा देते हैं। हम खुलकर मिलते-जुलते हैं, जिससे हल्का महसूस करते हैं। सही मायनों में कोई भी त्योहार हो, वह दैनिक जीवन की उदासीनता को दूर करने के लिये ही होता है। एक नई ताजगी व ऊर्जा का संचार करना ही पर्व का मकसद होता है। खासकर जब बात होली की होती है तो उल्लास के अतिरेक का अहसास खुद ब खुद हो जाता है। एक ऐसा त्योहार जो हर किसी को अपने गढ़े कृत्रिम दायरे से बाहर निकलने को प्रेरित करता है। जिसमें व्यक्ति खुद को मौलिक रूप में महसूस कर सके। उसे बोध हो सके कि मनुष्य और मनुष्यता के क्या मायने हैं। आज शहरीकरण के दौर में भागम-भाग की जिंदगी में हमने इतनी कृत्रिमताएं ओढ़ ली हैं कि हम सहज रह ही नहीं पाते। संपत्ति, पद और रसूख जैसे न जाने कितने दंभ पाले व्यक्ति समाज में घुलमिल ही नहीं पाता। याद कीजिए कोरोना काल के काले दौर को, जिसमें हमने महसूस किया कि सामाजिकता के क्या मायने हैं। खून के रिश्तों में कई अमानवीय कहानियां सामने आईं। दरअसल, हम अपनी सामाजिक सक्रियता और उसके सेहत पर पड़ने वाले प्रभावों पर कभी विचार नहीं करते। सही मायनों में होली के त्योहार का वातावरण हमें तनाव व कई तरह की जटिलताओं से मुक्त कर देता है। एक दिन व्यक्ति अपने मूल रंग को भूलकर सतरंगी रंगों में सराबोर हो जाता है। सभी विशिष्ट पहचानों से मुक्त होकर हर छोटे-बड़े से मिलना, रंग लगाना और गले मिलना व्यक्ति को सहज व हल्का कर देता है। तमाम वैज्ञानिक अनुसंधान व चिकित्सक बार-बार चेता रहे हैं कि मन का गुबार निकालने से व्यक्ति स्वस्थ महसूस करता है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में कई ऐसे शोधकर्ताओं को मानव सेहत के लिये जरूरी व्यवहार की व्याख्या करने हेतु उन विषयों पर नोबेल पुरस्कार मिले हैं जो हमारे देश में त्योहारों के मर्म और योग में वर्णित हैं। होली का त्योहार ऐसी मौसम संधि पर आता है जब सर्दी की विदाई और गर्मी की दस्तक होती है। प्रकृति अपने उरोज पर होती है। कुदरती रंगों से सजे फूल हमें मंत्रमुग्ध कर रहे होते हैं। यह पर्व हमें प्रकृति से संवाद का अवसर भी देता है।

# जीडीपी की अंधी दौड़ से बढ़ेगा प्रदूषण




- डॉ. सुदर्शन अयंगर

खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

12 मार्च को एक राष्ट्रीय समाचारपत्र के अहमदाबाद संस्करण में एक शीर्षक ने ध्यान आकर्षित किया, 'क्या उपभोग की गरमाहट खपत को ठंडा कर सकती है?' विडंबना यह है कि 1930 में 12 मार्च के ही दिन गांधीजी और उनके चुने हुए 79 सत्याग्रहियों ने नमक कानून तोड़ने के लिए सुबह 6 बजे साबरमती आश्रम छोड़ दिया था। यही था सुप्रसिद्ध दांडी मार्च। प्रामाणिक दस्तावेजों में उस ऐतिहासिक दिन के विवरण में असामान्य गर्मी या तापमान में वृद्धि का उल्लेख नहीं किया गया था। 95 साल में मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अहमदाबाद में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। उस जमाने में तब शायद ही कोई मध्यवर्गीय अपने घर में पंखा लगे होने का दावा कर सकता था। होली के त्यौहार के समय सुबह ठंडी होती थी और दोपहर में तापमान 35 डिग्री से ऊपर नहीं जाता था। 22 दिसंबर, 1916 को गांधीजी ने इलाहाबाद में अर्थशास्त्रियों के समक्ष व्याख्यान दिया था जिसका शीर्षक था 'क्या आर्थिक प्रगति वास्तविक प्रगति से टकराती है?' 12 मार्च को प्रकाशित इस समाचार में यह प्रश्न पुनः उठाया गया है।

समाचार रिपोर्ट में कहा गया है- 'आधिकारिक मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस साल अधिक तीव्र गर्मी पड़ेगी। इस चेतावनी में भी उम्मीद की एक परत है क्योंकि तापमान सामान्य से अधिक होता है इसलिए एयर कंडीशनर, कूलर और शीत पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की बिक्री में विशेष रूप से मजबूती देखी जाती है। यह मजबूती भारत की शहरी खपत में चल रही मंदी के बीच उपभोक्ता आधारित कंपनियों के लिए राहत प्रदान करता है'। इस संदर्भ में गांधीजी ने अपने व्याख्यान में कहा था- 'पश्चिमी देश आज भौतिकवाद के राक्षस-देवता की एड़ी के नीचे कराह रहे हैं। उनका नैतिक विकास अवरुद्ध हो गया है। वे अपनी प्रगति को पाउंड में मापते हैं। साउथ डकोटा अमेरिकी धन मानक बन गया है। वह अन्य राष्ट्रों के लिए ईर्ष्या का विषय है। मैंने अपने कई देशवासियों को यह कहते सुना है कि हम अमेरिकी धन हासिल करेंगे लेकिन इसके तरीकों से बचें। मैं यह सुझाव देने का साहस करता हूं कि यदि ऐसा प्रयास करते हैं तो और यदि यह किया गया था, तो यह विफलता का पूर्वाभास है।' (कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खंड 13, पृष्ठ 310-17)

कयामत के दिन के बारे में गांधीजी द्वारा की गयी भविष्यवाणी भले ही सच साबित न हुई हो लेकिन प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन तेजी से महसूस किया जा रहा है। उपर्युक्त समाचार में मुद्दा यह है कि प्रतिकूल जलवायु की स्थिति में भारत के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने की क्षमता है! कोई यह तर्क दे सकता है कि गर्मियों के महीनों (मार्च-जुलाई) में आम तौर पर कुछ उपभोक्ता सामग्रियों, जैसे कोल्ड ड्रिंक, टैल्कम पाउडर, आइसक्रीम आदि की मांग में वृद्धि होती है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेगमेंट ने बिक्री में 40 से 60 फीसदी के बीच अधिक वृद्धि दिखाई है। तर्क यह है कि गर्मी में लू की घटनाएं जितनी अधिक होती हैं तथा दिन व रात का तापमान जितना अधिक होता है, कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलता प्रदान करने वाले उपकरणों की बिक्री उतनी ही अधिक होती है। यदि सर्दियों में शीत लहर चली तो भी इसी तरह के तर्क दिए जाएंगे।उस समय हीटिंग उपकरणों, गर्म कपड़ों और विशेष खाद्य व पेय पदार्थों के अधिक बाजार होंगे।

क्या यह एक चक्र नहीं है? और क्या हम इसमें फंस नहीं गए हैं? यह सब ऊर्जा उपयोग में भारी वृद्धि का कारण बनेगा जिनमें से अधिकांश जीवाश्म ईंधन आधारित है। कार्बन और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि होगी। यह कम कार्बन वाली वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी और मशीनों में अधिक सार्वजनिक और निजी निवेश को आकर्षित करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सुपर ऑटोमेशन कम लागत और प्रतिस्पर्धी होने के लिए काम पर कम लोगों को सहन करेंगे। बेरोजगारों के कल्याण के लिए राज्यों को कल्याणकारी कार्यक्रम और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली खैराती योजनाएं लागू करनी होंगी। खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

सामान्य और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के साथ-साथ अधिक पेशेवर व्यायामशालाएं तथा अधिक प्रशिक्षक सामने आएंगे। मोटी फीस लेने वाले विश्वविद्यालयों में इन समस्याओं से निपटने के लिए अधिक तकनीकी और विशेष शैक्षिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ऐसा मालूम होता है या इससे यह संदेश मिल रहा है कि निरंतर जलवायु परिवर्तन में ही जीडीपी वृद्धि की संभावना निहित है। चेतावनी जारी करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) मौजूद नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र (यूएनओ) भी गायब हो जाएगा और इसलिए अन्य समझौते भी समाप्त हो जाएंगे। प्रत्येक देश जीडीपी और इसके निरंतर विकास को अधिकतम करने के लिए स्वतंत्र और स्वायत्त होगा। यूएनओ के बिना 2030 तक वैश्विक स्तर पर गरीबी और भुखमरी को खत्म करना, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए निर्धारित 17 लक्ष्यों का सतत विकास लक्ष्य समूह (एसडीजी) बेअसर हो जाएगा।

आश्चर्य की बात नहीं है कि गांधीजी ने इसे 'भौतिकवाद का राक्षस-देवता' कहा था। गांधीजी ने कोई धार्मिक उपदेश नहीं दिया लेकिन उन्होंने सीमित भौतिक उन्नति के साथ मनुष्यों की जीवन शैली को विनियमित करने के नैतिक मूल्य के बारे में बताकर धार्मिकता लाई।

## जीवन मंत्र

# यह दीया कभी न बुझे


हम हर कार्यक्रम का शुभारंभ दीया जलाकर करते हैं। क्यों? क्योंकि दीया जलाना शुभ होता है। दीया प्रकाश का, मंगल का प्रतीक है।

हम हर कार्यक्रम का शुभारंभ दीया जलाकर करते हैं। क्यों? क्योंकि दीया जलाना शुभ होता है। दीया प्रकाश का, मंगल का प्रतीक है।

इसीलिए जब दीये की लौ कांपती है, तब हमारे हाथ अनायास उसके संरक्षण में बढ़ जाते हैं। मिट्टी का दीया बुझ जाए, तो जीवन में अशुभ नहीं होता, लेकिन यदि 'दान का दीया' बुझा, तो जीवन अशुभहो जाता है। और यह जो 'देने' की शुभता है, वह सिर्फ धन देने से नहीं जुड़ी, यह दूसरों को शांति, सम्मान और खुशी देने से आलोकित है।

लेकिन मनुष्य सबसे कुछ न कुछ बस लेना चाहता है। अपने नाते-रिश्तेदारों से, मित्रों-सहकर्मियों से हम सिर्फ अपेक्षाएं पालते हैं। इस एषणा से छुटकारे के लिए रोज कुछ क्षण एक अभ्यास करके देखिए। आंखें बंद करके इन सबको अपने सामने लाइए और सबको देखते हुए यह संकल्प कीजिए कि मैं इन सबको देने वाली आत्मा हूं, मुझे इनसे कुछ नहीं चाहिए। आप पाएंगे, आपका नजरिया बदल रहा है। दरअसल, हमारे पास खुशी, शांति, शक्ति भरपूर हैं। ये सब हमारे संस्कार का हिस्सा हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल करने के बजाय हम मांगना शुरू कर देते हैं। इसलिए दीया हमें अपने भीतर रोशन करने की जरूरत है।

आप रोज सुबह अपने आप से यह



कहकर देखिए कि मैं सबको देने वाली आत्मा हूं। मैं अपने घर का दीया हूं।

आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि जो सबको देगा, उसको कौन देगा? दरअसल, जब हम किसी को कुछ देते हैं, तो सबसे पहले वह हमको ही मिलता है। फर्ज कीजिए, जब आप किसी को क्रोध देते हैं, तो रक्तचाप किसका बढ़ता है? हृदय की धड़कनें किसकी बढ़ती हैं? लेने वाले के पास तो यह विकल्प भी है कि वह आपका क्रोध ग्रहण करे या नहीं, लेकिन देने वाले के पास तो यह सुविधा न होती। परमात्मा ने यह मंत्र दिया है कि देने में ही लेना समाया हुआ है। तो अब सोचकर देखिए कि औरों को जब हम सम्मान देंगे, तो सबसे पहले वह किसको मिलेगा?

कोई हमारे साथ बहुत बुरा करता है, तो दो तरह की सोच मन में उठती है- एक तो यही कि उसके साथ इससे भी बुरा होना चाहिए। दूसरी सोच कहती है, ईश्वर उसे सद्बुद्धि दे। अगर हम बुरे की कामना करते हैं, तो यह सोच हमारे मस्तिष्क को ही दूषित करेगी। अब दूसरे के गलत कर्म के लिए हम अपना नुकसान क्यों करें? यानी अपने साथ गलत करने वाले के प्रति अपनी सोच को दूषित न होने देकर हम अपना ही भला करेंगे। कर्म से ही हमारा भाग्य बनता है। गलत करने वाला अपने ही भाग्य का नुकसान करता है, हम क्यों अपना भाग्य बिगाड़ें? हमें तो दीया बनना है।

## शख्सियत — गुरु हनुमान

### पद्मश्री प्राप्त कुश्ती पहलवान एवं प्रशिक्षक



गुरु हनुमान वास्तविक नाम विजय पाल यादव (अंग्रेजी: **Guru Hanuman**, जन्म: १९०१, मृत्यु: १९९९) भारत के प्रख्यात कुश्ती प्रशिक्षक (कोच) तो थे ही, स्वयं बहुत अच्छे पहलवान भी थे। उन्होंने सम्पूर्ण विश्व में भारतीय कुश्ती को महत्वपूर्ण स्थान दिलाया। कुश्ती के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियों के लिये उन्हें १९८* में पद्मश्री पुरस्कार. तथा १९८७ में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

गुरु हनुमान का जन्म राजस्थान के झुँझुनू जिले की चिड़ावा तहसील में १५ मार्च १९०१ को हुआ था।

उनका असली नाम विजय पाल यादव था। बचपन में कमजोर स्वास्थ्य के कारण हमउम्र लड़के उन्हें अक्सर तंग करते थे। इसलिये उन्होंने सेहत बनाने की ओर बचपन में ही ध्यान देना शुरू कर दिया और अखाड़े में जाने लगे। कुश्ती के प्रति अगाध प्रेम के चलते उन्होंने २० साल की उम्र में घर त्याग दिया और राजस्थान से दिल्ली आ गये। भारतीय मल्लयुद्ध के आदर्श देवता हनुमान जी से प्ररित होकर विजय पाल ने अपना नाम बदल कर हनुमान रखा और आजीवन ब्रह्मचारी रहने का प्रण कर लिया। उनके स्वयं के कथन के अनुसार उनकी शादी तो कुश्ती से ही हुई थी। इस बात में कोई अतिशयोक्ति भी नहीं थी क्योंकि जितने भी पहलवान उनके सानिध्य में आगे निकले उनमें शायद ही किसी को उतना सम्मान मिला हो, जितना गुरु हनुमान को मिला।

कुश्ती के प्रति उनकी लगन को देखकर भारत के मशहूर उद्योगपति कृष्णकुमार बिड़ला ने उन्हें दिल्ली में अखाड़े के लिये जमीन दान में दे दी। १९४० में वे स्वतन्त्रता संग्राम में भी शामिल हुए। १९४७ में भारत विभाजन के समय पाकिस्तान से भगाये गये हिन्दू शरणार्थियों की उन्होंने सेवा और सहायता की। १९४७ के बाद गुरु हनुमान अखाड़ा दिल्ली में पहलवानों का मन्दिर हो गया। १९८३ में उनको पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इस प्रकार१९२० में दिल्ली की ₹बिड़ला व्यायामशाला₹ का विस्तार गुरु हनुमान अखाड़े के रूप में हुआ। उन्होंने मीडिया वालों से कुश्ती कवरेज के लिये भी प्रार्थना की। गुरु हनुमान एक गुरु ही नहीं बल्कि अपने शिष्यों के लिये पिता तुल्य थे। कुश्ती का जितना सूक्ष्म ज्ञान उन्हें था शायद ही किसी और को हो।

।गुरु हनुमान ने जब यह देखा कि प्रायः सभी पहलवानों को बुढ़ापे में आर्थिक तंगी होती ही है तो उन्होंने सरकार से पहलवानों को रोजगार देने के लिये सिफारिश भी की। भारतीय स्टाइल की कुश्ती के वे माहिर थे। उन्होंने भारतीय स्टाइल और अन्तरराष्ट्रीय स्टाइल दोनों प्रकार की कुश्ती-शैलियों का आपस में योग कराकर अनेकों एशियाई चैम्पियन भारतवर्ष को दिये। पहलवानों को कुश्ती के गुर सिखाने के लिये उनकी लाठी कुश्ती के अखाड़े में काफी मशहूर थी। इसी लाठी के चलते हंसराम पहलवान, सतपाल, करतार सिंह, १९७२ के ओलम्पियन प्रेमनाथ, सैफ विजेता वीरेन्दर ठाकरान (धीरज पहलवान), सुभाष पहलवान जैसे अनगिनत पहलवान कुश्ती की मिसाल बने। उनके शिष्य महाबली सतपाल छत्रसाल स्टेडियम में पहलवानों को अत्याधुनिक तरीके से मैट पर प्रशिक्षण देते हैं। इसी का परिणाम है कि उनके शिष्य पहलवानों में सुशील कुमार, योगेश्वर दत्त एवं नरसिंह यादव जैसे पहलवान राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके हैं।

## जीवन ऊर्जा

### एंड्रयू जैक्सन : जन्म 15 मार्च, 1767 — जन्म

एंड्रयू जैक्सन संयुक्त राज्य अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति थे। उन्होंने आम लोगों के हितों की वकालत की और 1829 से 1837 तक अपने कार्यकाल के दौरान अमेरिकी लोकतंत्र के प्रतीक थे। एंड्रयू जैक्सन का जन्म 15 मार्च, 1767 को वैक्सहॉज क्षेत्र में हुआ था, जो अब उत्तरी कैरोलिना और दक्षिण कैरोलिना का हिस्सा है। 8 जून, 1845 को नैशविले, टेनेसी में उनके घर पर उनका निधन हो गया।

# साहस वाला एक व्यक्ति बहुमत बनाता है



अपने कर्तव्य के प्रति असावधान रहने वाला बहादुर व्यक्ति अपने देश के लिए खतरे की घड़ी में भाग जाने वाले कायर की तुलना में थोड़ा अधिक मूल्यवान है। कोई भी योग्य व्यक्ति उस बात पर अड़ा रहेगा जिसे वह सही मानता है, लेकिन एक बेहतर व्यक्ति को तुरंत और बिना किसी संदेह के यह स्वीकार करना होगा कि वह गलती पर है। विचार-विमर्श करने के लिए समय निकालें; लेकिन जब कार्रवाई का समय आए, तो सोचना बंद कर दें और आगे बढ़ें। यह खेदजनक है कि अमीर और शक्तिशाली लोग अक्सर सरकार के कार्यों को अपने स्वार्थी उद्देश्यों के लिए मोड़ देते हैं। मैं तूफान के लिए पैदा हुआ हूं, और शांति मुझे शोभा नहीं देती। साहस वाला एक व्यक्ति बहुमत बनाता है। मनुष्य की बुद्धि ने अभी तक ऐसी कराधान प्रणाली का आविष्कार नहीं किया है जो पूर्ण समानता के साथ संचालित हो।सरकार में कोई आवश्यक बुराइयां नहीं हैं। इसकी बुराइयां केवल इसके दुरुपयोग में मौजूद हैं। प्लान मालिक, किसान, मिस्त्री और मजदूर... संयुक्त राज्य अमेरिका के लोगों के विशाल समूह का निर्माण करते हैं, वे देश के उन लोगों की हड्डी और नसें हैं जो स्वतंत्रता से प्यार करते हैं और समान अधिकारों और समान कानूनों के अलावा कुछ नहीं चाहते हैं। लोग सरकार हैं, इसे अपने एजेंटों द्वारा प्रशासित करते हैं; वे सरकार हैं, संप्रभु शक्ति हैं। प्रत्येक अच्छा नागरिक अपने देश के सम्मान को अपना बनाता है, और इसे न केवल अनमोल बल्कि पवित्र मानता है।

ऐसे देश में जहां कार्यालय केवल लोगों के लाभ के लिए बनाए गए हैं, किसी भी व्यक्ति के पास आधिकारिक पद पर दूसरे से अधिक आंतरिक अधिकार नहीं है। बाइबल वह चट्टान है जिस पर यह गणतंत्र टिका हुआ है। साहस वाला एक व्यक्ति बहुमत बनाता है।

## अपने विचार



कुछ लोग सनातन धर्म को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। महाकुंभ के आयोजन पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन यह आयोजन हमारी एकता और आस्था का प्रतीक है।

योगी आदित्यनाथ, सीएम,उत्तर प्रदेश



'मेरे लिए होली हमेशा भारत की गंगा-जमुना तहजीब का प्रतीक रही है। हालांकि, कुछ कट्टरपंथियों ने अब सत्ता में बैठे लोगों की सहमति से इस उत्सव को अल्पसंख्यकों के लिए भय के स्रोत में बदल दिया है।

महबूबा मुफ्ती, पीडीपी अध्यक्षा



भाजपा मुस्लिमों के खिलाफ नफरत फैला रही है। कुछ समय बाद पीडीए के खिलाफ नफरत फैलाएंगे। भाजपा यूपी में 2024 में हमसे हारी है और 2027 में भी भाजपा हारेगी। भाजपा से बड़ा झूठा कोई नहीं है।

अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



मैं अपने मुस्लिम भाइयों से भी अनुरोध करूँगा कि अगर कोई आप पर रंग डालता है, तो झगड़ा न करें क्योंकि यह क्षमा का महीना है, भाईचारे का महीना है... मस्जिदों को जरूर ढका जाना चाहिए ताकि कोई भी रंग उस पर न फेंके जिससे विवाद हो।

अबू आजमी, नेता,सपा

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 indiagroundreport@gmail.com भेज सकते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# संस्कृति और विज्ञान की तुलना नहीं की जा सकती




जसंस्कृति लोगों के एक विशेष और विशिष्ट समूह द्वारा प्रचलित विश्वासों, शैलियों, कलाओं और/या सामाजिक संस्थाओं का एक समूह है। इसमें भोजन पकाने के विभिन्न तरीके, पहनने वाले कपड़ों के प्रकार और शैली आदि जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं।

दूसरी ओर, विज्ञान हमारे चारों ओर प्राकृतिक भौतिक दुनिया/ब्रह्मांड का निरीक्षण और अध्ययन करने के लिए डिजाइन की गई एक प्रणाली है। इसका कला, या शैली से कोई लेना-देना नहीं है, और इसका उपयोग मुख्य रूप से यह समझाने के लिए किया जाता है कि चीजें इस तरह से क्यों होती हैं।

पूर्व स्थिति- आज से ७०-८० साल पहले अगर कोई कहता कि इंसान अंतरिक्ष में जा सकता है तो लोग हंसते रहे होंगे। ४०-५० साल पहले कोई कहता की इंसान हजारों किलोमीटर की दूरी चंद घंटों में पूरी कर सकता है तो लोग हंसते रहे होंगे। २०-३० साल पहले कोई कहता कि इंसान दूर बैठे दूसरे इंसान से बातचीत कर सकता है तो लोग हंसते रहे होंगे। १५-२० साल पहले कोई कहता कि एक इंसान दूर बैठे दूसरे इंसान से फेस टू फेस देख सकता है तो लोग हंसते रहे होंगे।

वर्तमान स्थिति- हाल ही में चीन ने अपना खुद का एक कृत्रिम सूर्य बनाने में सफलता हासिल की है। आज हम लोग शहर में रहते है इसलिए इस खबर को सुन-पढ़ कर यकीन कर सकते है। लेकिन गांव में जाकर किसी से पूछोगे तो वह इस सवाल करने वाले की तरह आपका मजाक उड़ाएगा। और इस बात पर यकीन नही करेगा कि कोई देश (किसी देश के लोग) सूर्य को बना सकते है। अब आप समझ गए होंगे कि मैं क्या कहना चाहता हूं! आगे भी विज्ञान की मदद से हम लाइटिंग स्पीड से सफर करने पर रिसर्च कर रहे है, और अभी यह मजाक लग रहा होगा। लेकिन हमारी यह सोच अब तक सच साबित हुई है तो फिर हमारी संस्कृति के बारे में आप ऐसा क्यों सोचते है जैसे कि सब एक अंधविश्वास हो।

हमारी संस्कृति हमारे दिल-दिमाग, इतिहास, किताबो और वेदों में निहित है जबकि विज्ञान की अभी शुरुआत ही है इसलिए हम आज तक भी विज्ञान को सही तरीक़े से नहीं समझ पाए है तो फिर अपनी संस्कृति को आप एक लिमिट तक सही लेकिन ज़्यादा विज्ञान से तुलना कैसे कर सकते है। इसलिए कभी भी अपनी संस्कृति को विज्ञान से ज्यादा तुलना नही करनी चाहिए। कुछ चीजें ऐसी होती है जो अभी विज्ञान भी नही समझता।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार)।

### रत्नागिरी मस्जिद विवाद

# धार्मिक जुलूस के दौरान गेट पर हमले का आरोप, पुलिस ने किया खंडन

डीबीडी संवाददाता | रत्नागिरी

रत्नागिरी जिले में एक मस्जिद को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। बुधवार (12 मार्च, 2025) को वार्षिक शिमगा जुलूस के दौरान मस्जिद के गेट पर कथित रूप से हमला किए जाने का आरोप सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और महाराष्ट्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ₹यह शर्मनाक है कि पुलिस की मौजूदगी में रत्नागिरी की मस्जिद पर हमला हुआ। क्या महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि कानून अपना काम करेगा?₹ चर्चित फैक्ट चेकर मोहम्मद जुबैर ने भी इस वीडियो को साझा किया, जिसके बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया। हालांकि, सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### ▶▶ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, ओवैसी ने सरकार पर साधा निशाना



### परंपरा के अनुसार तने को रखा गया, इस बार गेट से टकराया

■ रिपोर्ट के मुताबिक, घटना बुधवार शाम करीब 7:30 बजे जवाहर चौक पर हुई। मदाची मिराव्नुक नामक एक लंबे लकड़ी के तने को लेकर यह जुलूस सखालकरवाड़ी से शुरू होकर धोपेश्वर मंदिर तक जाता है। परंपरा के अनुसार, तने को कुछ मिनटों के लिए मस्जिद की सीढ़ियों पर रखा जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हर साल तने को मस्जिद के पास लाया जाता है, लेकिन इस बार यह गेट से टकरा गया। मस्जिद के अंदर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि भीड़ में कम से कम दो लोग घायल हो गए।

### पुलिस का बयान : जबरन प्रवेश नहीं, केवल नारेबाजी हुई

रत्नागिरी पुलिस ने इस कथित हमले के आरोपों का खंडन किया है। पुलिस के अनुसार, किसी ने भी मस्जिद में जबरन प्रवेश नहीं किया। जुलूस के दौरान आक्रामक नारेबाजी हुई, जो कोंकण क्षेत्र में होली के दौरान पारंपरिक रूप से होती है। सोशल मीडिया पर घटना को लेकर भ्रामक वीडियो फैलाया गया, जिसे हटा दिया गया है। गैरकानूनी रूप से एकत्र होने और नारेबाजी के लिए FIR दर्ज की गई है।

### रत्नागिरी के एसपी का बयान: मामला शांतिपूर्ण, जांच जारी

रत्नागिरी के एसपी धनंजय कुलकर्णी ने बताया कि जुलूस के दौरान कुछ नारेबाजी और आक्रामकता जरूर हुई, लेकिन स्थिति अब पूरी तरह शांतिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमने महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत FIR दर्ज की है और जांच जारी है।

# रुचिर अग्रवाल नियुक्त किए गए एमडीएल के वित्त निदेशक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

रुचिर अग्रवाल को 07 मार्च 2025 को माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) के निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया है। वे भारतीय लागत लेखाकर संस्थान और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड शिप ब्रोकर्स, लंदन के फेलो सदस्य हैं और तेल एवं गैस उद्योग में 31 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव रखते हैं।



### इंडियन ऑयल में निभाई अहम भूमिका

एमडीएल में शामिल होने से पहले, अग्रवाल फरवरी 2024 से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOC) में कार्यकारी निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत थे। इंडियन ऑयल, जो फॉर्च्यून "ग्लोबल 500" में शामिल एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है।

### ▶▶ वित्त और व्यापार क्षेत्र में व्यापक अनुभव

अपने करियर के दौरान, अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ट्रेजरी, व्यवसाय विकास, अनुसंधान एवं विकास, और कॉर्पोरेट ऑडिट जैसे महत्वपूर्ण विभागों में कार्य किया है। उन्होंने भारत और विदेशों में इंडियन ऑयल के विभिन्न संयुक्त उपक्रमों (JV) और सहायक कंपनियों के लिए बोर्ड सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

### ▶▶ ट्रेजरी और वित्तीय रणनीतियों में विशेषज्ञता

अग्रवाल को ट्रेजरी, शिपिंग, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, गैस, कॉर्पोरेट वित्त और अन्वेषण एवं उत्पादन (E&P) के क्षेत्रों में गहरा अनुभव है। वे इंडियन ऑयल द्वारा किए गए कई रणनीतिक अध्ययनों में शामिल रहे हैं, जिनमें संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों का पुनर्गठन तथा बाजार पूंजीकरण में सुधार शामिल हैं।

### आईएफएससी गांधीनगर में प्रमुख योगदान

उन्होंने भारत की पहली वित्त कंपनी को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे आईएफएससी (गांधीनगर) में एक गैर-वित्त कंपनी द्वारा स्थापित किया गया था। उनकी विशेषज्ञता और अनुभव से MDL के वित्तीय ढांचे को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## बड़े शहरों में बढ़ रही खाली मकानों की संख्या

**मुंबई।** देश के 60 शहरों में बेचे गए मकानों की संख्या में 23% की वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन खाली पड़े मकानों की संख्या भी साल-दर-साल बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, इन खाली मकानों में से 80% बड़े शहरों में स्थित हैं, जबकि छोटे शहरों में मकानों की बिक्री को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। 'न्यू इंडिया समिट' में रिपोर्ट हुई प्रकाशित नासिक में भारतीय रियल एस्टेट डेवलपर्स परिसंघ (क्रेडाई) द्वारा आयोजित छठे 'न्यू इंडिया समिट' में देश भर के डेवलपर्स का सम्मेलन हुआ। इस दौरान क्रेडाई और लेसेज-फोर्सेस द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें देश के 60 शहरों में आवासीय बाजार की स्थिति का विश्लेषण किया गया।रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 की तुलना में 2024 में 6,81,138 मकान बेचे गए, जो 23% की वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि, बिना बिके मकानों की संख्या 10 लाख से अधिक हो गई है, जो कुल आवासीय बाजार का 43% है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इनमें से 80% खाली मकान बड़े शहरों में हैं। स्मृति ईरानी का रियल एस्टेट सेक्टर को संदेश समिट में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने क्रेडाई को संबोधित करते हुए कहा, ₹आपकी वजह से लोगों के पास छत और रोजगार है। इस प्रयास को जारी रखना चाहिए। 'रियल एस्टेट' शब्द का नकारात्मक अर्थ हो सकता है, लेकिन इसे बदलने

■ छोटे शहरों में बिक्री को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

## मुंबई-रीवा के बीच विशेष ट्रेनों की 4 अतिरिक्त सेवाएं

मुंबई। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने मुंबई (सीएसएमटी)-रीवा के बीच विशेष ट्रेनों की 4 अतिरिक्त सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। 02188 विशेष ट्रेन 21 और 28 मार्च 2025 को दोपहर 1:30 बजे सीएसएमटी से रवाना होकर अगले दिन सुबह 9:45 बजे रीवा पहुंचेगी, जबकि 02187 विशेष ट्रेन 20 और 27 मार्च 2025 को दोपहर 3:50 बजे रीवा से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 12:20 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। ये ट्रेनें दादर, कल्याण, नासिक, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेंगी। संरचना में 1 प्रथम सह द्वितीय वातानुकूलित, 1 एसी-2 टियर, 4 एसी-3 टियर, 12 शयनयान, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन शामिल हैं।

### ज्ञानराधा मल्टीस्टेट निवेश घोटाला

## ईडी ने 2,467 करोड़ के घोटाले में चार्जशीट दायर की



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ज्ञानराधा मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी में 2,467 करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में एक विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सुरेश कुटे और 24 अन्य के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

ईडी ने पिछले साल बीड, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे और नवी मुंबई समेत कई स्थानों पर छापे मारे थे। जांच में यह सामने आया कि ज्ञानराधा मल्टीस्टेट सोसाइटी की 52 से अधिक शाखाएँ विभिन्न जिलों में काम कर रही थीं। सुरेश कुटे और उनके सहयोगियों ने कई निवेश योजनाएँ चलाईं, जिनमें 2-14% तक उच्च ब्याज दर देने का दावा किया गया। व्यक्तिगत ऋण, वेतन ऋण, सावधि ऋण, स्वर्ण ऋण और 'एफडीआर' ऋण जैसी योजनाएँ शामिल थीं। चार लाख से अधिक निवेशकों से 2,467 करोड़ रुपये एकत्र किए गए। ईडी ने 6 मार्च को 24 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अदालत ने मंगलवार को आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। अब तक 1,433.48 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

# भुसावल मंडल में क्यूआर कोड और यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग में वृद्धि

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

भुसावल मंडल ने यात्रियों के बीच डिजिटल लेनदेन की जागरूकता बढ़ाने और मोबाइल ऐप के उपयोग को प्रोत्साहित करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। वाणिज्यिक विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियानों के चलते क्यूआर कोड-आधारित लेनदेन और यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) ऐप के उपयोग में निरंतर वृद्धि हो रही है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को कतारों की परेशानी से बचाने और सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेशनों पर यूटीएस मोबाइल ऐप और क्यूआर कोड-आधारित भुगतान की सुविधा प्रदान की है।

### क्यूआर कोड लेनदेन में वृद्धि

■ क्यूआर कोड के माध्यम से किए गए लेनदेन में जनवरी 2025 की तुलना में फरवरी 2025 में 1.86% की वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी में यह प्रतिशत 24.20% था, जो फरवरी में बढ़कर 26.06% हो गया। यह वृद्धि यात्रियों के बीच डिजिटल भुगतान प्रणालियों के प्रति बढ़ते विश्वास और स्वीकृति को दर्शाती है, जिससे टिकटिंग प्रक्रिया अधिक तेज़ और सुविधाजनक हो गई है। वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों ने टिकट काउंटरों पर यात्रियों को क्यूआर कोड-आधारित भुगतान प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पहल के तहत नियमित जागरूकता अभियान, डेमोंस्ट्रेशन और स्टेशनों पर यात्रियों को मार्गदर्शन दिया गया ताकि वे क्यूआर कोड के माध्यम से टिकट बुकिंग की प्रक्रिया और इसके फायदों को समझ सकें।




### यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा

■ भुसावल मंडल में यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने वाले यात्रियों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई है। फरवरी 2025 में इस ऐप के माध्यम से टिकट बुक करने वाले यात्रियों का औसत प्रतिशत 8.36% दर्ज किया गया। वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों ने यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए। इन प्रयासों में व्यक्तिगत मार्गदर्शन, स्टेशन उद्घोषणाएं और स्टेशनों पर प्रमुख स्थानों पर सूचनात्मक पोस्टर लगाना शामिल था। यूटीएस ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े हुए आसानी से टिकट बुक करने की सुविधा देता है।

### यात्रियों की सुविधा में सुधार

क्यूआर कोड-आधारित भुगतान और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के उपयोग में वृद्धि से नकद लेनदेन और टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों की निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। डिजिटल तकनीकों को अपनाने से टिकटिंग प्रक्रिया सरल हुई है और यात्रियों को अधिक सुविधाजनक अनुभव मिल रहा है। भुसावल मंडल भविष्य में भी डिजिटल पहलों को बढ़ावा देने और यात्रियों की सुविधा में सुधार करने के लिए लगातार जागरूकता अभियानों और तकनीकी उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि रेलवे यात्रा को और अधिक सुगम और यात्रियों के अनुकूल बनाया जा सके।

## भुसावल मंडल में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की 173वीं बैठक संपन्न

डीबीडी संवाददाता | भुसावल



भुसावल मंडल कार्यालय में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (DRUCC) की 173वीं बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेलवे संबंधित मुद्दों के शीघ्र समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय ने की, जिन्होंने यात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने ट्रेनों के स्टॉपेज, नई ट्रेनों के संचालन और स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अजय कुमार ने बैठक में शामिल सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### मुंबई ड्राइविंग लाइसेंस घोटाला

# दो आरटीओ अधिकारी निलंबित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के पश्चिम क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस घोटाले के मामले में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। 2023-24 के दौरान अमान्य वाहनों पर संदिग्ध ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए गए थे, जिससे यह घोटाला सामने आया।



### ऑडिट रिपोर्ट में उजागर हुई अनियमितताएं

■ निलंबित अधिकारियों में सहायक आरटीओ रावसाहेब रागड़े और मोटर वाहन निरीक्षक उमेश देवरे शामिल हैं। महाराष्ट्र महालेखाकार (ऑडिट) द्वारा पश्चिम आरटीओ कार्यालय की जांच में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में अनियमितताएं पाई गईं। रिपोर्ट में फर्जी ड्राइविंग टेस्ट के आधार पर लाइसेंस जारी करने की ओर इशारा किया गया, जिसके बाद आंतरिक जांच शुरू हुई।

### आंतरिक जांच में पुष्टि, निलंबन के आदेश जारी

अंधेरी आरटीओ के नेतृत्व में की गई जांच में लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में खामियां पाई गईं, जिसके आधार पर 10 मार्च को परिवहन आयुक्त कार्यालय ने निलंबन आदेश जारी किया। निलंबन के दौरान रावसाहेब रागड़े को आरटीओ मुंबई (पूर्व) और उमेश देवरे को आरटीओ मुंबई (मध्य) में रिपोर्ट करने के लिए तैनात किया गया है।

## हड़पसर-हिसार होली स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को 4 अतिरिक्त फेरों के साथ बढ़ाने का निर्णय

**मुंबई।** होली पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने हड़पसर-हिसार होली स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को 4 अतिरिक्त फेरों के साथ बढ़ाने का निर्णय लिया है। 04726 हड़पसर-हिसार विशेष, जो 17 मार्च 2025 तक संचालित होनी थी, अब 24 और 31 मार्च को भी चलेगी। इसी तरह, 04725 हिसार-हड़पसर विशेष, जो 16 मार्च 2025 तक चलनी थी, अब 23 और 30 मार्च को भी चलाई जाएगी। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि इन विशेष ट्रेनों के ठहराव और संरचना में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहरी सहायता से कार्यों में गति आएगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष** — चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। अतिउत्साह हानिप्रद रहेगा। कुसंगति से बचें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी उलझन में फंस सकते हैं। विवेक से निर्णय लें।

**मिथुन** — राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धार्मिक कृत्यों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। थकान महसूस होगी। किसी लंबे प्रवास की योजना बनेगी।

**कर्क** — नई योजना बनेगी। पुराने किए गए निर्णयों का लाभ अब प्राप्त होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। नए कार्यकारी अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में चैन रहेगा।

**सिंह** — यात्रा लाभदायक रहेगी। काफी समय से रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। फालतू खर्च होगा। असमंजस रहेगा। निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**तुला** — बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रतिद्वंद्वी पस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृश्चिक** — घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लंबे प्रवास की योजना बनेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु** — संबंधियों तथा मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर** — दुःखद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ** — शैक्षणिक व शोध इत्यादि कार्यों के परिणाम सुखद रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी कार्य में उत्साह व प्रसन्नता से सफलता प्राप्त होगी।

**मीन** — स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा, साक्षात्कार व करियर संबंधी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## कथा : कर्म भोगने ही पड़ेंगे इस जन्म या अगले जन्म

(भाग 3)



वहाँ भी इसे देखते ही मैं इसकी पीठ पर जोर-से चोंच मारी तो मेरी चोंच इसकी हड्डी में चुभ गयी । इस पर इसने अनेक प्रयास किये, फिर भी चोंच न छूटी । मैंने भी चोंच निकालने का बड़ा प्रयत्न किया मगर न निकली । 'पानी के भय से ही यह दुष्ट मुझे छोड़ेगा ।' ऐसा सोचकर यह गंगाजी में प्रवेश कर गयी परंतु वहाँ भी मैं अपनी चोंच निकाल न पाया। आखिर में यह बड़े प्रवाह में प्रवेश कर गयी । गंगा का प्रवाह तेज होने के कारण हम दोनों बह गये और बीच में ही मर गये। तब गंगा जी के प्रभाव से यह तो ब्राह्मणी बनी और मैं बड़ा भारी ज्योतिषी बना । अब वही मेरी स्त्री हुई । जो कुछ दिनों और अपने मुख से गाली निकालकर मुझे दुःख देगी, लेकिन मैंने चोंच इसको दर्द पहुंचाने के लिये नहीं मारी थी, अतः इसकी समझ भी ठीक होगी और मैं भी अपने पूर्वकर्मों का फल समझकर सहन करता रहूँगा, इसका दोष नहीं मानता क्योंकि यह किये हुए कर्मों का ही फल है । इसलिए मैं शांत रहता हूँ और प्रतिक्षा में हूँ कि कभी तो इसका स्वभाव अच्छा होगा !! अब



प्रियंका जैन
9769994439

अपना प्रश्न पूछो ?
ब्राह्मण ने अपना सब समाचार सुनाया और पूछाः ₹अधर्मी पापी राजा ने मुझ निरपराध का हाथ क्यों कटवाया ?
ज्योतिषीः राजा ने आपका हाथ नहीं कटवाया, आपके कर्म ने ही आपका हाथ कटवाया है ।
किस प्रकार?
₹पूर्वजन्म में आप एक तपस्वी थे और राजकन्या गौ थी तथा राजकुमार कसाई था । वह कसाई जब गौ को मारने लगा, तब गौ बेचारी जान बचाकर आपके सामने से जंगल में भाग गयी । पीछे से कसाई आया और आप से पूछा कि इधर कोई गाय तो नहीं गई है ?
आपने जिस तरफ गौ गयी थी, उस तरफ आपने हाथ से इशारा किया तो उस कसाई ने जाकर गौ को मार डाला। इतने में जंगल से शेर आया और गौ एवं कसाई दोनों को खा गया। कसाई को राजकुमार और गौ को राजकन्या का जन्म मिला एवं पूर्वजन्म के किये हुए उस कर्म ने एक रात्रि के लिए उन दोनों को इकट्ठा किया। क्योंकि कसाई ने गौ को हंसिये से मारा था, इसी कारण राजकन्या के हाथों अनायास ही तलवार गिरने से राजकुमार का सिर कट गया और वह मर गया। इस तरह अपना फल देकर कर्म निवृत्त हो गया। तुमने जो हाथ का इशारा रूप कर्म किया था, उस पापकर्म ने तुम्हारा हाथ कटवा दिया है। इसमें तुम्हारा ही दोष है किसी अन्य का नहीं, ऐसा निश्चय कर सुखपूर्वक रहो।
कितना सहज है ज्ञानयुक्त जीवन! यदि हम इस कर्म सिद्धान्त को मान लें और जान लें तो पूर्वकृत घोर से घोर कर्म का फल भोगते हुए भी हम दुःखी नहीं होंगे, बल्कि अपने चित्त की

## धनबाद के 9 प्लस टू स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं




धनबाद : धनबाद जिले के सात प्लस टू विद्यालय में पछले तीन साल और दो प्लस विद्यालय में पिछले साल से एक भी शिक्षक नहीं है। सरकार प्लस टू का दर्जा देकर शिक्षक देना भूल गयी। विद्यार्थी वर्ष 2024 से 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होकर पास भी होते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार धनबाद में जिले के उत्क्रमित विद्यालय परसबिनया, प्रोजक्ट उच्च विद्यालय मिनयाडीह, शिवाजी उच्च विद्यालय बेनागिड़या, एसएस उच्च विद्यालय बाघमारा, जीएनएम प्लस टू कतरासगढ़, श्री शंकर दयाल उच्च विद्यालय रोआम और एचइ स्कूल धनबाद को वर्ष 2022 में प्लस टू का दर्जा प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने नामांकन भी करवाया था। लेकिन अब तक विद्यालय को एक भी शिक्षक नहीं मिला। वर्तमान में उक्त सातों विद्यालय में 11 व में 2188 और12वीं में 1819 विद्यार्थी नामांकित हैं। शिवाजी उच्च विद्यालय बेनागिड़या में सबसे ज्यादा 1032 विद्यार्थी नामांकित है, जबकि विज्ञान, कला और वाणिज्य समेत करीब 1819 विद्यार्थी सम्मिलित हैं।

## दगना कुप्रथा की भेंट चढ़ा एक और मासूम



**शिवपुरी:** मध्य प्रदेश में वैसे तो विंध्य क्षेत्र से अंधविश्वास की खबरें सामने आती है, लेकिन इस बार शिवपुरी जिले के कोलारस क्षेत्र में एक मासूम अंधविश्वास की भेंट चढ़ा। कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में एक कथित तांत्रिक द्वारा 6 महीने के मासूम बच्चे को धूनी देने व तंत्र क्रिया के नाम पर जलाने का मामला सामने आया है। अंधविश्वास का घिनौना रूप शिवपुरी जिले में एक मासूम की जिंदगी पर भारी पड़ गया। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए शासकीय जिला अस्पताल के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ। गिरीश चतुर्वेदी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट करते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, आदेश वर्मा निवासी हनुमान कॉलोनी गुरुवार की शाम 6-7 बजे के बीच अपने 6 महीने के बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसने नेत्र रोग विशेषज्ञ गिरीश दुबे को बच्चे का चेकअप कराया। डॉक्टर ने जब बच्चे की हालत देखी तो माता-पिता से बच्चे की हालत के बारे में पूछा, तो पहले तो बच्चे की मां ने रोते हुए बताया कि वे उसे कोलारस थाना क्षेत्र के रामनगर, गांव में एक तांत्रिक के पास ले गए थे। जहां धूनी देने के नाम पर बच्चे को दाग दिया, लेकिन जब मामला सामने आने पर डॉक्टर ने फटकार लगाई, तो मां-बाप अपनी बात से पलटने लगे। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि बच्चे पर रसोई में चाय गिर गई, जिससे वह जल गया।

## उग्रवाद से मुक्त होगा गुमला



**गुमला :** लंबे समय तक झारखंड के घोर उग्रवाद प्रभावित जिलों में शुमार रहे गुमला जिले को उग्रवाद से मुक्त किया जायेगा। इसके लिए सरकार ने कई पहल की है। नागफेनी अंबाघाघ को पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा सरकार की ओर से की गयी है। सरकार ने कहा है कि सिसई प्रखंड के बेहद खूबसूरत नागफेनी अंबाघाघ में मूलभूत सुविधाएं विकसित की जायेंगी। इसके बाद पिकनिक के सीजन में यह क्षेत्र भी खूंटी के दशम फॉल, रीमिक्स फॉल, रांची के जोन्हा और हुंडरू फॉल की तरह कम से कम 2 महीने गुलजार रहेगा। मूलभूत सुविधाओं के विकास के बाद नववर्ष या अन्य अवसरों पर नागफेनी अंबाघाघ घूमने के लिए आने वाले सैलानियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि गुमला शहर से 15 किलोमीटर दूर नागफेनी अंबाघाघ को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

# 12 लाख स्कूली बच्चों की सरकारी योजनाओं की राशि पर संकट

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 12 लाख बच्चों को साइकिल, पोशाक, छात्रवृत्ति योजनाओं की राशि मिलने में संकट पैदा हो गया है। जिलों से मुख्यालय को मिली बच्चों की सूची में त्रुटि रह जाने के कारण यह नौबत आई है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। विभाग ने कहा है कि 12 लाख में से साढ़े 7 लाख बच्चों का बैंक खाता नंबर ही गलत दिया गया है। वहीं, साढ़े 4 लाख बच्चों के बैंक का आईएफसी कोड गलत लिखा हुआ है। इस कारण बच्चों के खाते में राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। मालूम हो बिहार के 1 करोड़ 15 लाख बच्चों की सूची शिक्षा विभाग की ओर से तैयार की गई है, जिन्हें विभिन्न योजनाओं की राशि का भुगतान किया जा रहा है। बच्चों के नाम, बैंक खाता नंबर, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि के साथ विद्यार्थियों की सूची ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर दर्ज की गई है।



### कक्षा में 75 फीसदी हाजिरी पर दी जा रही राशि

अप्रैल से सितंबर 2024 तक कक्षा में 75 प्रतिशत की उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को योजनाओं की राशि दी जा रही है। राज्य में ऐसे बच्चों की संख्या एक करोड़ 15 लाख है। विभाग के पदाधिकारी बताते हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या एक करोड़ 80 लाख है। इनमें आधार नंबर से साथ एक करोड़ 58 लाख बच्चे नामांकित हैं। इनमें एक करोड़ 15 लाख बच्चे ही ऐसे हैं, जिनकी अप्रैल, 2024 से सितंबर 2024 तक कक्षा में उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक रही है।

### एनआईसी को भेजी गई है सूची

80 लाख बच्चों के खाते में भेजी गई राशि ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर बच्चों का ब्योरा दर्ज करने के बाद विभाग की ओर से इस सूची को एनआईसी को भेजा गया, जिसके आधार पर चरणवार योजनाओं की राशि का भुगतान किया जा रहा है। करीब 80 लाख बच्चों के खाते में राशि का भुगतान कर दिया गया है।

### 15 लाख बच्चे हो सकते हैं योजनाओं से वंचित

इसके पूर्व भी करीब 10 लाख बच्चों की सूची में त्रुटि पाई गई थी और स्कूलों को कहा गया था कि इसमें सुधार करें। इसके बाद भी 3 लाख से अधिक बच्चों की सूची में हुई त्रुटि में सुधार नहीं हो सका है। इसके बाद ऐसे और 12 लाख बच्चों के नाम ऐसी सूची में आ गए हैं।

# होली के दिन पूर्व विधायक पर हमला

- **अज्ञात हमलावरों ने दागी गोलियां**
- **पूर्व एमएलए और PSO घायल**



**बिलासपुर।** होली के दिन हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में सनसनीखेज वारदात हुई। पूर्व कांग्रेस विधायक बम्बर ठाकुर पर अज्ञात हमलावरों ने गोलियां बरसा दीं। इस हमले में वे और उनका निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बिलासपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को होली की धूम के बीच पूर्व विधायक बम्बर ठाकुर बिलासपुर स्थित अपने आवास पर मौजूद थे। इस दौरान कुछ अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और अचानक उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने करीब 12 राउंड फायरिंग की। इस हमले में बम्बर ठाकुर और उनके पीएसओ संजय गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। यह पहला मौका नहीं है जब बम्बर ठाकुर पर गंभीर हमला हुआ हो। इससे सालभर पहले भी उन पर हमला किया गया था। जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए थे। अब एक बार फिर से उन पर हमले की वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दें कि बम्बर ठाकुर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और 2012 से 2017 तक बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था लेकिन करीबी मुकाबले में हार गए थे। इसके बावजूद वे क्षेत्र में सक्रिय राजनीति में बने हुए हैं।

# केके पाठक की बुलडोजर वाली धमकी सुन राजद ने लगाई गुहार

**पटना।** केशव कुमार पाठक उर्फ केके पाठक फिलहाल बेतिया राज की अरबों की जमीन को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि बेतिया राज की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। पाठक ने इसके लिए प्लानिंग तैयार कर ली है। बता दें कि बेतिया राज की जमीन को अधिग्रहण करने के प्रस्ताव पर विधानसभा से मुहर लग चुकी है। अपने काम को पूरा करने के लिए एक बार फिर केके पाठक ने अतिक्रमित जमीन पर बुलडोजर चलाने की बात कही है। उन्होंने 36 घंटे के अंदर बुलडोजर चलाने की बात कही थी। इसके बाद इस बात को विधान परिषद में उठाया गया।

### पाठक ने दिया था आदेश



केके पाठक ने बेतिया पहुंचने के बाद एक के बाद एक कई आदेश जारी किया। जिस जमीन से अतिक्रमण हटाने की उन्होंने बात की उसकी कीमत 8 हजार करोड़ बताई जा रही है। उन्होंने बेतिया राज के पुराने दिन को लौटाने के अभियान में सबसे पहले 110 एकड़ में फैले हजारी पशु मेले की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया। सरकार इस जमीन पर मेडिकल इंडस्ट्री का निर्माण कराएगी। केके पाठक ने ये आदेश दिया है कि इस जमीन पर होने वाले विकास के कार्य के दौरान कोई भी पेड़ को नहीं काटा जाना चाहिए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक बेतिया राज की कुल 6505 एकड़ जमीन पर अभी अतिक्रमण है।

### सरकार को समय देना चाहिए : सौरभ कुमार

केके पाठक के बुलडोजर एक्शन वाली बात पर आरजेडी के विधान पार्षद सौरभ कुमार ने विधान परिषद में बिहार सरकार से गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि केके पाठक के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। सौरभ कुमार ने कहा कि बेतिया राज की जमीन के अधिग्रहण का हम लोगों ने भी समर्थन किया था। लेकिन एक अधिकारी जो रॉबिनहुड के नाम से मशहूर हैं, वहां जाकर उन्होंने 36 घंटे में 70 सालों से रह रहे गरीबों को उजाड़ने की बात कही है। सरकार को इसे रोकने के लिए एक्शन लेना चाहिए। सौरभ कुमार ने कहा कि यह बेहद संवेदनशील मामला है। इतनी बड़ी संख्या में गरीबों का आशियाना आप रातों- रात कैसे उजाड़ सकते हैं। मालूम हो कि बिहार विधानमंडल से प्रस्ताव पारित होने के बाद से बेतिया राज की करीब 15358 एकड़ जमीन अब राजस्व पर्षद के अधीन आ गई है। इस पर केके पाठक का कहना है कि अब जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने वालों पर बुलडोजर एक्शन होगा।

# शाहजहांपुर में होली पर लाट साहब के जुलूस में बवाल

- **आरएएफ पर पथराव, हुड़दंगियों पर फोर्स ने किया लाठीचार्ज**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में होली और जुमे की नमाज का आयोजन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन शाहजहांपुर में कुछ हुड़दंगियों ने माहौल बिगाड़ दिया। शुक्रवार को लाट साहब के जुलूस के दौरान तीन स्थानों पर बवाल हुआ, जहां पुलिस द्वारा टोका-टाकी करने पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। इसके जवाब में पुलिस और आरएएफ (RAF) ने लाठीचार्ज कर स्थिति को काबू में करने का प्रयास किया।

### खिरनीबाग में पथराव, पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ा



सबसे बड़ा बवाल सदर बाजार थाना क्षेत्र के खिरनीबाग इलाके में हुआ, जहां पुलिस पर पत्थरबाजी की गई। पुलिस ने पहले भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन जब स्थिति बिगड़ी, तो लाठीचार्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, घंटाघर पर भी उपद्रवियों ने जुलूस के दौरान हंगामा किया, जिसके बाद RAF ने कार्रवाई करते हुए उपद्रवियों को खदेड़ा और कई लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। हर साल निकलने वाले लाट साहब के जुलूस को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती थी। जुलूस के रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों को तिरपाल से ढंक दिया गया था, और मुस्लिम समाज ने नमाज के समय में भी बदलाव किया था। बावजूद इसके, जब जुलूस निकला तो तनाव बढ़ गया और उपद्रव शुरू हो गया। पथराव के जवाब में पुलिस और RAF ने लाठीचार्ज किया। पुलिस द्वारा होली खेल रहे लोगों पर भी लाठीचार्ज किए जाने से नाराजगी बढ़ी। कई लोग घायल हुए, और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चौक कोतवाली क्षेत्र के कच्चा कटरा मोड़ पर दो पक्षों में भी जमकर मारपीट हुई।

## गोरखपुर में सीएम योगी ने मनाई रंगों और भक्ति की होली

**गोरखपुर।** गोरखपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य तरीके से होली का पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने फूलों, रंग और गुलाल के साथ श्रद्धालुओं के साथ होली खेली। सीएम योगी भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में भी शामिल



हुए और सनातन धर्म, एकता व विजय का संदेश दिया। उन्होंने होली को केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि समरसता और भाईचारे को मजबूत करने वाला पर्व बताया। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में होलिका भस्म की पूजा कर होली महोत्सव की शुरुआत की।




# ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से अमेरिकी बाजार में गिरावट

- **ग्लोबल मार्केट में अस्थिरता, भारत पर असर सीमित**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का असर अब साफ नजर आने लगा है। इस नीतिगत फैसले के चलते अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे प्रमुख सूचकांक अपने रिकॉर्ड स्तर से काफी नीचे आ गए हैं। एसएंडपी 500 इंडेक्स अपने उच्चतम स्तर से 10% से अधिक गिर चुका है, जबकि नैस्डेक और डाउ जोंस में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

### टैरिफ वॉर के गहराने के संकेत

ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ और नए कर प्रस्तावों से व्यापार युद्ध (ट्रेड वॉर) गहराने के संकेत मिल रहे हैं। गुरुवार को ट्रंप ने यूरोपीय वाइन, शैंपेन और अन्य शराब उत्पादों पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी। साथ ही, उन्होंने स्टील और एल्यूमीनियम पर पहले से लागू टैरिफ को वापस लेने से इनकार कर दिया। इसके अलावा, उन्होंने 2 अप्रैल से लागू होने वाले रेसिप्रोकल टैक्स पर भी अडिग रहने की घोषणा की। इन बयानों के बाद वॉल स्ट्रीट में अफरा-तफरी मच गई और बाजार में गिरावट दर्ज की गई। नैस्डेक इंट्रा-डे में 2% से अधिक गिर गया, जबकि एसएंडपी 500 1.5% से अधिक टूटा।




### अमेरिकी बाजार में मंदी की आशंका

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार, टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण ग्लोबल मार्केट हाई जोन से करेक्शन जोन में प्रवेश कर चुका है, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका बढ़ गई है। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन के फैसलों के चलते निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है और बाजार में घबराहट का माहौल है। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स के वीकली पोल में लगातार तीसरे सप्ताह बाजार में 55% से अधिक बेयरिश सेंटिमेंट देखा गया है, जो पिछले एक दशक में केवल मार्च 2009 में देखा गया था।

### भारत पर सीमित प्रभाव, घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत

विशेषज्ञों का मानना है कि इस टैरिफ वॉर का भारत पर सीमित असर पड़ेगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घरेलू खपत पर निर्भर है, न कि निर्यात पर। यदि निर्यात में कुछ गिरावट भी आती है, तो भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर नहीं होगा। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार, कुछ खास कमोडिटी और सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन भारतीय सरकार पहले ही कई टैक्सों में कटौती कर चुकी है। इसके चलते, भारत पर रेसिप्रोकल टैक्स का प्रभाव न्यूनतम रहेगा। इसके अलावा, भारत का यूरोप और अन्य देशों में निर्यात पहले की तरह जारी रहेगा, जिससे अमेरिका के टैरिफ फैसलों का असर तुलनात्मक रूप से कम होगा।

# स्टारलिंक की एंट्री से पहले केंद्र सरकार ने रखीं शर्तें

**नई दिल्ली।** इलॉन मस्क की स्टारलिंक कंपनी भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने वाली है। इसके पहले केंद्र सरकार ने स्टारलिंक के सामने कुछ शर्तें रखी हैं। सरकार की मांग है कि शटडाउन कंट्रोल के लिए देश में ही कंट्रोल सेंटर बनाया जाए। यानी अगर कभी इस सर्विस को बंद करना हो तो इसके लिए कंट्रोल सेंटर भारत में ही हो। साथ ही डेटा सिक्योरिटी के लिए सुरक्षा एजेंसियों को ये सुविधा दी जाए कि वो कॉल इंटरसेप्ट यानी डेटा की निगरानी कर सकें। इसके अलावा सरकार ने कहा है कि सैटेलाइट के जरिए विदेश में किए जाने वाले कॉल्स को सीधे फॉरवर्ड के बजाए स्टारलिंक को इन्हें पहले भारत में बनाए गए स्टारलिंक गेटवे पर लाना होगा। इसके बाद टेलिकॉम चैनलों के जरिए फोन को विदेश में फॉरवर्ड किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहली दो शर्तें देश की टेलिकॉम कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया (VI) पर पहले से लागू हैं।

### लाइसेंस मिलने की प्रोसेस आखिरी चरण में

रिपोर्ट के मुताबिक स्टारलिंक की सैटेलाइट कम्युनिकेशन लाइसेंसिंग की प्रोसेस लगभग पूरी होने वाली है। कंपनी भारत में इंटरनेट सेवाओं के लिए जियो और एयरटेल के साथ मार्केटिंग और नेटवर्क एक्सपेंशन के लिए समझौते कर रही है।

### भारत में क्यों जरूरी है कंट्रोल सेंटर?

देश के किसी भी हिस्से में कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में संचार सेवाओं को तत्काल बंद करने के लिए कंट्रोल सेंटर जरूरी है। इसमें सैटेलाइट सर्विसेज भी शामिल हैं। इसलिए स्टारलिंक का कंट्रोल सेंटर भारत में बनाने की मांग की गई है।

### जियो और एयरटेल ने स्टारलिंक के साथ करार किया




भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस प्रोवाइड करने के लिए देश की दो बड़ी टेलिकॉम कंपनियां जियो और एयरटेल ने इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ करार किया है। समझौते के तहत, स्पेसएक्स और एयरटेल बिजनेस, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और दूरदराज के क्षेत्रों में स्टारलिंक सर्विसेस देने के लिए मिलकर काम करेंगे। एयरटेल के मौजूदा नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टारलिंक टेक्नोलॉजी इंटीग्रेट करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

## विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी

### घरेलू निवेशकों की खरीदारी से बाजार को सहारा

नई दिल्ली,: भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) की बिकवाली का सिलसिला मार्च में भी जारी है। अब तक एफआईआई ने 21,228 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (DII) की मजबूत खरीदारी के कारण बाजार में ज्यादा गिरावट नहीं आई है। मार्च में डीआईआई ने अब तक 26,446 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। साल 2025 की शुरुआत से अब तक एफआईआई ने 1,64,245 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। डीआईआई ने 1,77,888 करोड़




रुपये के शेयरों की खरीदारी की। एफआईआई ने 793 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। डीआईआई ने 1,724 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितता, अमेरिकी टैरिफ पॉलिसी और ब्याज दरों में संभावित बदलाव के चलते विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं।

## एलजी इंडिया 15,000 करोड़ का लाएगी आईपीओ

**मुंबई।** साउथ कोरिया की LG इलेक्ट्रॉनिक्स जल्द ही अपनी भारतीय यूनिट का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी, IPO लाने वाली है। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी, SEBI ने LG के ड्राफ्ट पेपर्स को अप्रूवल दे दिया है। इस IPO का इश्यू साइज 15,000 करोड़ रुपए होगा। यह इश्यू ऑफर फॉर सेल है, इसके जरिए 10 रुपए फेस वैल्यू के 10.18 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। कंपनी को IPO से कोई इनकम नहीं होगी। इससे पहले कंपनी ने 19 दिसंबर को SEBI के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किया था।

### देश के अब तक के टॉप-5 सबसे बड़े IPO में से एक होगा




इस इश्यू साइज के साथ यह पब्लिक इश्यू देश के अब तक के टॉप-5 सबसे बड़े IPO में से एक होगा। DRHP में मॉर्गन स्टेनली, जेपी मॉर्गन, एक्सिस कैपिटल, बोफा सिक्योरिटीज और सिटीग्रुप को इस इश्यू का लीड मैनेजर बनाया गया है। 1.8 बिलियन डॉलर के IPO के बाद जब शेयर लिस्ट होंगे तो LG इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वैल्यूएशन करीब 13 बिलियन डॉलर यानी 1.10 लाख करोड़ रुपए हो सकती है। LG इलेक्ट्रॉनिक्स यह IPO एक स्ट्रैटेजी के तहत ला रही है, क्योंकि कंपनी ने 2030 तक 7,500 करोड़ डॉलर यानी 6.35 लाख करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स रेवेन्यू का टारगेट रखा है और यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस को फिर से ट्रैक पर लाने की कोशिशों का हिस्सा है। ये बातें कंपनी के CEO विलियम चो ने अगस्त में ब्लूमबर्ग टेलीविजन के साथ इंटरव्यू में कही थी।



# दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल को बनाया नया कप्तान

- आईपीएल 2025 में टीम का नेतृत्व करेंगे अनुभवी ऑलराउंडर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 सीजन के लिए अनुभवी ऑलराउंडर अक्षर पटेल को पुरुष टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 31 वर्षीय पटेल 2019 से टीम के साथ जुड़े हुए हैं और अपनी शानदार ऑलराउंड क्षमताओं के कारण फ्रेंचाइजी के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन

अक्षर पटेल ने दिल्ली कैपिटल्स की जर्सी में 82 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 967 रन बनाए और 62 विकेट चटकाए हैं। उनकी प्रभावशाली गेंदबाजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनका इकॉनमी रेट 7.09 का रहा है। इसके अलावा, मैदान पर उनकी फुर्ती और खेल भावना ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स और भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### टीम प्रबंधन ने जताया भरोसा

दिल्ली कैपिटल्स के चेयरमैन किरण कुमार ग्रांधी ने अक्षर पटेल की नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'हम अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त करते हुए बेहद उत्साहित हैं। वह 2019 से टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और हमारे मूल्यों को अपनाया है। पिछले दो सीजन में वह उप-कप्तान थे और हमेशा अपनी जिम्मेदारी निभाई है। हमें भरोसा है कि उनके नेतृत्व में टीम नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी।' टीम के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि अक्षर पटेल को एक खिलाड़ी और लीडर के रूप में विकसित होते देखना शानदार रहा है। 2019 से ही हमारे बीच एक खास रिश्ता रहा है। उन्होंने ड्रेसिंग रूम में बड़ी भूमिका निभाई है और भारत की टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीत में भी उनका योगदान रहा है।'

### अक्षर पटेल ने जताया आभार

कप्तान बनाए जाने पर अक्षर पटेल ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं फ्रेंचाइजी और सपोर्ट स्टाफ का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। पिछले कुछ वर्षों में मैंने इस टीम में बहुत कुछ सीखा है और अब इस नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हूं। हमारी टीम शानदार संतुलन के साथ बनी है और इस सीजन हम अपने प्रशंसकों को बेहतरीन प्रदर्शन देंगे।

# इंजमाम उल हक ने की आईपीएल के बहिष्कार की अपील



**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने एक बड़ा बयान देते हुए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अन्य क्रिकेट बोर्डों से अपील की है कि वे अपने खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में खेलने से रोकें। उनका मानना है कि अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) अपने खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग में नहीं भेजता, तो अन्य देशों को भी सख्त रुख अपनाना चाहिए।

### इंजमाम ने क्या कहा?

पाकिस्तान के एक लोकल न्यूज चैनल से बात करते हुए, इंजमाम उल हक ने कहा कि आईपीएल को देखिए, जहां दुनिया के टॉप खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। लेकिन भारतीय खिलाड़ी अन्य लीग में नहीं जाते। ऐसे में सभी क्रिकेट बोर्ड को भी अपने खिलाड़ियों को आईपीएल में भेजने से रोक देना चाहिए। अगर भारत अपने खिलाड़ियों को अन्य लीग में नहीं भेजता, तो क्या बाकी देशों को भी कोई रुख नहीं अपनाना चाहिए?

## वीमेंस प्रीमियर लीग का सुपर संडे

# हरमनप्रीत की मुंबई और मेग लैनिंग की दिल्ली के बीच महामुकाबला

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

वीमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में अब रोमांचक मुकाबला होने वाला है, जहां मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में गुजरात जायंट्स को 47 रनों के विशाल अंतर से हराया, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार प्रदर्शन के बाद टेबल टॉपर बनकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अब सबकी निगाहें शनिवार के फाइनल पर हैं, जहां दोनों टीमें खिताब जीतने के लिए आखिरी बार मैदान पर उतरेंगी।



### मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चुनौती

अब तक महिला प्रीमियर लीग के दोनों फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हार का सामना करना पड़ा है। पहले सीजन में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। अब सवाल यह उठता है कि क्या दिल्ली कैपिटल्स इस बार फाइनल में अपनी हार का सिलसिला तोड़ पाएगी? क्या हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस दूसरी बार महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीत पाएगी? इस सीजन में मुंबई और दिल्ली का आमना-सामना दो बार हुआ और दोनों ही बार दिल्ली ने मुंबई को हराया, जिससे दिल्ली का इस फाइनल मैच में आत्मविश्वास बढ़ा है।

### फाइनल में किसका पलड़ा भारी?

आंकड़े बताते हैं कि वीमेंस प्रीमियर लीग फाइनल में मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी रहा है। पहले सीजन में जब मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें फाइनल में आमने-सामने आईं तो मुंबई ने दिल्ली को 7 विकेट से हराकर खिताब जीत लिया था। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने दूसरे सीजन में फाइनल तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने दिल्ली को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अब दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीसरे सीजन के लिए फाइनल में पहुंची है और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इस बार वे अपनी पिछली हार का बदला ले पाती हैं।

### दोनों टीमों का स्क्वॉड:

- **मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेली मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नादिन डी क्लर्क, नताली साइवर-ब्रंट, परुनिका सिसौदिया, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमलिनी (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सैका इशाक और शबनीम इस्माइल.
- **दिल्ली कैपिटल्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, स्नेह दीप्ति, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासन, मारिजैन कैप, मिन्नू मणि, एन चरणी, निकी प्रसाद, राधा यादव, शिखा पांडे, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तानिया भाटिया (विकेटकीपर), सारा ब्राइस (विकेटकीपर) और टिटास साधु.

# नॉर्थम्पटनशायर से फिर जुड़ेंगे युजवेंद्र चहल



इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप और वनडे कप में करेंगे शिरकत

- 2025 सीजन के अंत तक करेंगे खेल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इस साल जून से 2025 सीजन के अंत तक इंग्लिश काउंटी क्लब नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलेंगे। वह काउंटी चैंपियनशिप और वनडे कप मुकाबलों में टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे।

चहल ने 2023 में नॉर्थम्पटनशायर के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। अपने लिस्ट ए डेब्यू में उन्होंने केंट के खिलाफ 5 विकेट लेकर मात्र 14 रन दिए थे। काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन-2 में उन्होंने 19 विकेट चटकाए, जिसमें उनका औसत 21.10 रहा। उन्होंने चार मैचों में दो बार पांच विकेट हॉल हासिल किए, जिसमें डर्बीशायर के खिलाफ 5/45 का प्रदर्शन भी शामिल था। उसी मैच में उन्होंने 9/99 के करियर-सर्वश्रेष्ठ फर्स्ट क्लास आंकड़े दर्ज किए थे।

### आईपीएल में भी बनी हुई है मांग

हालांकि चहल ने 2023 के बाद से भारत के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और 2024 टी20 विश्व कप विजेता टीम में होने के बावजूद उन्हें कोई मुकाबला खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन वह अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ रिस्ट स्पिनरों में से एक माने जाते हैं। नवंबर 2024 की आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने उन्हें 18 करोड़ रुपये (1.6 मिलियन) में खरीदा, जिससे वह सबसे महंगे स्पिनर बने। आईपीएल 2025 25 मई को समाप्त होगा, जिसके बाद चहल काउंटी क्रिकेट में हिस्सा लेंगे।

# सैम करन बने सरे के नए टी20 कप्तान

- इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तानी दावेदार के रूप में मिली मजबूती

**एजेंसी । लंदन**

इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन को विटैलिटी ब्लास्ट 2024 के लिए सरे का नया टी20 कप्तान नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से उनकी इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल कप्तानी की संभावनाओं को भी मजबूती मिली है। करन लंबे समय से सरे टीम का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने पहली बार अंडर-17 स्तर पर कप्तानी की थी। 2022 में वह इंग्लैंड की टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम के प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। हालांकि, 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से वह इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे हैं और हाल ही में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया था।



### क्रिस जॉर्डन की जगह करेंगे कप्तानी

2023 में करन ने तीन विटैलिटी ब्लास्ट मुकाबलों में क्रिस जॉर्डन की अनुपस्थिति में सरे की कप्तानी की थी। अब वह पूर्णकालिक कप्तान के रूप में जॉर्डन की जगह लेंगे। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से 11 मैचों में कप्तानी की थी और हाल ही में ILT20 में डेजर्ट वाइपर्स को फाइनल तक पहुंचाया था। करन ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरे का टी20 कप्तान बनना मेरे लिए बहुत सम्मान और गर्व की बात है। इस प्रतिष्ठित क्लब का प्रतिनिधित्व करना और इतने बेहतरीन खिलाड़ियों की कप्तानी करना मेरे लिए एक विशेष अवसर है।

### टी20 में प्रभावशाली रिकॉर्ड

सैम करन ने टी20 क्रिकेट में 4,000 से अधिक रन बनाए हैं और पिछले साल विटैलिटी ब्लास्ट में हैम्पशायर के खिलाफ किआ ओवल में अपना पहला टी20 शतक जड़ा था। गेंदबाजी में, वह 250 से अधिक विकेट ले चुके हैं, जिसमें उनका स्विंग और सीम आक्रमण शानदार रहा है।

### प्रबंधन ने जताया विश्वास

सरे के हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट सलाहकार एलेक स्टीवर्ट ने कहा कि मैं क्रिस जॉर्डन को तीन साल तक टी20 टीम का कप्तान रहने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने टीम को लगातार फाइनल्स डे तक पहुंचाया और मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह अहम भूमिका निभाई। सैम करन के लिए यह सही समय है कि वे कप्तानी संभालें और अपनी छाप छोड़ें।

# जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के शुरुआती मैचों से होंगे बाहर

- हार्दिक पांड्या भी पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 का आगाज 22 मार्च से होने वाला है, लेकिन मुंबई इंडियंस (MI) के लिए शुरुआती मैचों में मुश्किलें बढ़ गई हैं। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट से उबर रहे हैं और संभवतः अप्रैल की शुरुआत में ही टीम से जुड़ पाएंगे। ऐसे में वह कम से कम तीन मैच मिस कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह की मुंबई इंडियंस में वापसी BCCI की मेडिकल टीम की मंजूरी पर निर्भर करेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल होने के बाद वह लगातार रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। पिछले साल IPL में शानदार प्रदर्शन करने वाले बुमराह की गैरमौजूदगी MI के लिए बड़ा झटका हो सकती है।



### स्लो ओवर रेट के चलते लगा था बैन

MI के कप्तान हार्दिक पांड्या भी पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। IPL 2024 में स्लो ओवर रेट के चलते उन पर 1 मैच का बैन लगा था। इस कारण 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाफ MI का पहला मैच वह नहीं खेल पाएंगे।

### MI की तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी किस पर होगी?

बुमराह और पांड्या की गैरमौजूदगी में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कमजोर हो सकती है। ऐसे में टीम को जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल और गेराल्ड कोएट्ज़ी पर निर्भर रहना होगा।

### मुंबई इंडियंस का पिछला सीजन रहा था खराब

IPL 2024 में MI ने सिर्फ 4 मैच जीते और 10 हारे थे। टीम अंक तालिका में आखिरी स्थान (10वें) पर रही थी। IPL के इतिहास में MI ने 5 खिताब (2013, 2015, 2017, 2019, 2020) जीते हैं। बुमराह और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों के बिना MI का शुरुआती सफर कठिन हो सकता है। हालांकि, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन और टिम डेविड पर टीम की बल्लेबाजी टिकी रहेगी। अब देखना होगा कि MI शुरुआती मुकाबलों में बिना अपने स्टार खिलाड़ियों के कैसा प्रदर्शन करती है।



# रजनीकांत की 'कुली' में आमिर खान के कैमियो पर लगी मुहर!

निर्देशक लोकेश कनगराज ने सुपरस्टार रजनीकांत अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा फिल्म 'कुली' में बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की भूमिका की पुष्टि कर दी है। फिल्म का निर्माण अभी चल रहा है और यह इस साल के अंत में बड़े पर्दे पर आने वाली है। 'कुली' में आमिर खान की कैमियो भूमिका की पुष्टि कई सूत्रों से की गई थीं, लेकिन निर्माताओं ने इसे कभी आधिकारिक नहीं किया था।



लोकेश ने एक्स पर शेयर की गई पोस्ट में कहा, 'आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आमिर खान सर। हमारे बीच हुई प्यारी बातचीत के लिए बहुत-बहुत आभारी हूं। आपकी गहरी सोच और कहानी कहने के जुनून ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। आने वाले वर्षों में स्क्रीन पर और अधिक जादू बिखेरने के लिए तैयार हूं और इस खास दिन को आपके साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं, सर।'

वहीं, अभिनेता आमिर खान के आज 60वें जन्मदिन पर निर्देशक लोकेश कनगराज ने अभिनेता के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। दिलचस्प बात यह है कि लोकेश कनगराज भी आज अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं।

# पंचतत्व में विलीन हुए देब मुखर्जी



अभिनेता देब मुखर्जी कुछ समय से स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान थे। आज यानी 14 मार्च को उनके निधन की खबर सामने आई। देब, बॉलीवुड निर्देशक अयान मुखर्जी के पिता हैं और आशुतोष गोवारिकर के ससुर भी हैं। देब मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए कई बॉलीवुड सेलेब्स निर्देशक अयान मुखर्जी के घर पहुंचे। कुछ देर पहले ही देब मुखर्जी का अंतिम संस्कार हुआ है, वह पंचतत्व में विलीन हो चुके हैं।

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के घर पर आज होली का त्योहार मनाया जा रहा था। लेकिन जैसे ही दोनों को अयान मुखर्जी के पिता के निधन की खबर मिली तो ये त्योहार छोड़कर, निर्देशक के घर के लिए निकल गए। आलिया भट्ट काफी दुखी दिखीं। रणबीर और आलिया निर्देशक आयन मुखर्जी के गहरे दोस्त हैं।

# नयनतारा ने किया 'टेस्ट' में अपने किरदार का खुलासा



साउथ अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'टेस्ट' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने अब अपनी नेटफ्लिक्स फिल्म 'टेस्ट' में अपने किरदार कुमुधा को पेश किया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म का टीजर भी जारी किया। नयनतारा ने 'कुमुधा' का किरदार निभाया है, जो एक दृढ़ महिला है, जो एक साधारण जीवन, प्यार से भरा जीवन, एक छोटा सा घर, एक समर्पित पति और एक बच्चे का सपना देखती है।

फिल्म में कुमुधा की यात्रा प्रेम और त्याग की कहानी है, जो शक्ति और त्याग से भरी है। चुनौतियों के बावजूद, वह कभी भी अपने सपनों की जिंदगी जीने से पीछे नहीं हटती। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए नयनतारा ने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, 'कुमुधा की ताकत उसके सपनों की सादगी में है- एक घर, एक परिवार और स्थायी प्रेम, लेकिन जीवन उसे ऐसे तरीकों से परखता है,जिसकी उसने कभी उम्मीद नहीं की थी और उसे उन चीजों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करता है, जो वास्तव में मायने रखती हैं।'

### अपने किरदार पर क्या बोलीं नयनतारा

इसके अलावा नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह दर्शकों को 'टेस्ट' में कुमुधा की यात्रा दिखाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, 'उनकी यात्रा को पेश करना अत्यंत मार्मिक था और मैं आशा करती हूं कि दर्शक उनकी हर भावना को महसूस करेंगे। 'टेस्ट' प्रेम, तयाग और अटूट आशा की कहानी है। मैं नेटफ्लिक्स पर सभी को इसका अनुभव देने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।' वहीं, जारी हुए टीजर की बात करें तो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नयनतारा ने टीजर शेयर किया करते हुए लिखा, 'इस टीचर के लिए असफलता कोई विकल्प नहीं है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और विकास पर सुनील शर्मा ने अमित शाह से की चर्चा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस बैठक में सुरक्षा, विकास, पर्यटन और औद्योगिक निवेश से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

### बीएसएफ ने अमृतसर बॉर्डर से पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल ने भारत-पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने आरोपित को अमृतसर सेक्टर की बॉर्डर आउट पोस्ट मुल्लाकोट से गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के अनुसार जवानों ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को सीमा पार संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा। जब उससे पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और तलाशी ली। पकड़े गए पाकिस्तानी की पहचान मोहम्मद जैद के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान के हकीमा वाला गांव का निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद बीएसएफ के अधिकारी मोहम्मद जैद से पूछताछ कर रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह गलती से सीमा पार कर आया है या किसी साजिश के तहत भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था।

### देशभर में होली के बीच शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा

**नई दिल्ली।** देशभर में शुक्रवार को होली मनाई गई। साथ ही रमजान के जुमे की नमाज भी पढ़ी गई। 4 मार्च 1961 यानी 64 साल बाद ऐसा मौका पहली बार आया है। किसी भी अव्यवस्था या हुड़दंग से बचने के लिए देशभर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। संवेदनशील राज्यों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान के अति संवेदनशील इलाकों में ड्रोन-सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। उत्तर प्रदेश के बरेली, शाहजहांपुर, अलीगढ़, संभल समेत कई जिलों की मस्जिदों को तिरपाल से ढंक दिया गया है। ताकि होली के जुलूस के दौरान विवाद की स्थिति न बने। मध्य प्रदेश में इंदौर के महू में पुलिस ने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि यदि होली के रंगों से दिक्कत हो तो मस्जिदों को प्लास्टिक से कवर कर दें। छत्तीसगढ़ में जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है।

गोल्ड स्मगलिंग केस

# रान्या राव को झटका



**एजेंसी । बेंगलुरु**

कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव का नाम इन दिनों कर्नाटक की सियासत में भूचाल लाने वाला साबित हो रहा है। 14 किलो सोना की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार रान्या राव इस वक्त न्यायिक हिरासत में हैं। राव की जमानत के लिए अर्जी लगाई गई थी, जिसे स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### 14 किलो सोने की तस्करी केस में स्पेशल कोर्ट ने ठुकराई जमानत

#### कैसे पकड़ी गई रान्या राव?

3 मार्च को जब रान्या राव दुबई से बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची, तो उन्होंने वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत ग्रीन चैनल से निकलने की कोशिश की। यह रास्ता उन यात्रियों के लिए होता है जिन्हें घोषित करने के लिए कुछ नहीं होता। लेकिन इसी दौरान मेटल डिटेक्टर से जांच में अधिकारियों को रान्या के शरीर पर कुछ संदिग्ध सामान छुपा होने का संकेत मिला। जब अधिकारियों ने जांच की तो पाया कि रान्या ने अपनी कमर और पैरों पर बैंडेज और टिशू की मदद से सोने के बिस्कुट लपेट रखे थे।

#### तस्करी के लिए यूट्यूब से सीखा प्लान

पूछताछ के दौरान रान्या ने बताया कि उन्हें दुबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के गेट ए पर एक इंटरनेट कॉल के जरिए निर्देश मिला था कि वहां से उन्हें सोना कलेक्ट करना है। रान्या ने यह भी बताया कि यह उनका पहला तस्करी का प्रयास था और उन्होंने यूट्यूब वीडियो देखकर सोना छुपाने के तरीके सीखे थे। अभिनेत्री ने बताया कि एयरपोर्ट लाउंज में एक शख्स, जो 6 फुट लंबा, गेहुआं रंग का और अमेरिकी लहजे में बात करने वाला व्यक्ति था, उसने अभिनेत्री कोने में ले जाकर सोने के पैकेट दिए थे।

#### वीआईपी रास्ता दिलाने में पुलिसवाले का हाथ

रान्या को वीआईपी रास्ते से बाहर निकलवाने में बसप्पा बिल्लूर उर्फ बसवराज की भूमिका सामने आई है। बसवराज केंपेगौड़ा एयरपोर्ट में हेड कॉन्स्टेबल के तौर पर तैनात था। अपने बयान में बसवराज ने कबूल किया कि उसने रान्या को हवाई अड्डे के सामान्य सुरक्षा जांच से बचाकर ग्रीन चैनल से बाहर निकाला था। बसवराज ने दावा किया कि उसे अक्सर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के परिवार के सदस्यों को वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत लाने-ले जाने के निर्देश मिलते थे।

#### सहयोगी राजू को 15 दिन की न्यायिक हिरासत



सोना तस्करी मामले में अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब इस मामले में होटल व्यवसायी तरुण राजू को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आर्थिक अपराधों से निपटने वाली एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया, जिसमें यह कहा गया कि राजू, रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी मामले में सहयोगी था।

# तमिलनाडु सरकार पर शराब घोटाले का आरोप

**एजेंसी । चेन्नई**

भाजपा ने तमिलनाडु सरकार पर एक हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले का आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा है कि तमिलनाडु में टीएएसएमएसी और शराब आपूर्ति करने वाली कंपनियों के ईडी के छापों से ध्यान हटाने के लिए राज्य सरकार तीन भाषा नीति जैसे मुद्दे उठाकर अफवाह फैला रही है। हालांकि डीएमके मंत्री ने कहा कि शराब घोटाले की निविदाओं में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन तीन-भाषा नीति, एनईपी, परिसीमन और बजट दस्तावेज़ से चिह्न को हटाने के बारे में निराधार अफवाहें फैला रहे हैं, ताकि जनता का ध्यान टीएएसएमएसी, शराब मंत्री और तमिलनाडु में शराब आपूर्ति करने वाली कंपनियों पर चल रहे प्रवर्तन निदेशालय (ED) के छापों से भटकाया जा सके। उन्होंने कहा कि ईडी ने डिस्टिलरी से ऐसे दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनसे पता चलता है कि एक हजार करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बनाई गई है।




इसका भुगतान रिश्वत के रूप में किया गया। डीएमके सिस्टम में हेरफेर करके अपनी पार्टी के खजाने को भरने के लिए आम लोगों का शोषण कर रही है। एमके स्टालिन को जनता को यह बताना चाहिए कि ये रिश्वत किसने प्राप्त की। इन घटनाक्रमों और उनके अधीन बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को देखते हुए उनके लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहना मुश्किल होता जा रहा है।

#### भाजपा विधायक ने भी लगाए आरोप

भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि उन्होंने तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर राज्य सरकार से घोटाले पर जवाब देने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि टीएएसएमएसी में ईडी की जांच में 1,000 करोड़ के बेहिसाब नकद लेन-देन का पता चला है, जिसमें हेरफेर किए गए टेंडर और बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं उजागर हुई हैं। तमिलनाडु विधानसभा के अध्यक्ष को पत्र लिखकर राज्य सरकार से नियम 55 के तहत जवाब देने का आग्रह किया है।


#### आबकारी मंत्री बोले- गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं

शराब घोटाले के आरोपों पर तमिलनाडु के आबकारी मंत्री सैंथिल बालाजी ने कहा कि इन दावों का कोई आधार नहीं है। टीएएसएमएसी निविदा में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। तलाशी के नाम पर छापेमारी की जा रही है।

# अपने बयान पर अड़े तुषार गांधी

### भाजपा और आरएसएस ने गिरफ्तारी की मांग की

**एजेंसी । नई दिल्ली**



महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी ने शुक्रवार को साफ कहा कि वह अपने हालिया बयानों को वापस नहीं लेंगे और न ही माफी मांगेंगे। उनके इस बयान के बाद भाजपा और आरएसएस ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। दरअसल, तुषार गांधी ने तिरुवनंतपुरम के नेय्यातिनकरा में गांधीवादी पी. गोपीनाथन नायर की प्रतिमा के अनावरण के दौरान भाजपा और आरएसएस को खतरनाक और छिपे हुए दुश्मन बताया था। उन्होंने आरएसएस को जहर भी कहा, जिसके बाद भाजपा-आरएसएस कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की और उनकी कार रोकने की कोशिश की।

#### तुषार गांधी का भाजपा-RSS को जवाब


शुक्रवार को कोच्चि के अलुवा में एक कार्यक्रम में तुषार गांधी ने कहा, 'मैंने जो कहा, उसमें कोई बदलाव नहीं करूंगा और न ही माफी मांगूंगा। इस घटना ने मेरी हिम्मत और बढ़ा दी है। हमें अब आजादी की लड़ाई से भी ज्यादा जरूरी लड़ाई लड़नी है। हमारा एक साझा दुश्मन है – संघ, जिसे बेनकाब करना जरूरी है।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें डर है कि 'मेरे परदादा (महात्मा गांधी) के हत्यारों के वंशज कहीं गांधी जी की मूर्ति पर भी गोलियां न

#### भाजपा का तुषार गांधी पर पलटवार

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने तुषार गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'वह सिर्फ संयोग से गांधी परिवार में पैदा हुए हैं और महात्मा गांधी के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।' इस दौरान उन्होंने तुषार गांधी की गिरफ्तारी की मांग भी की। उन्होंने यह भी कहा कि 'जो लोग तुषार गांधी को प्रतिमा अनावरण के लिए बुला रहे थे, शायद उन्हें उनके विचारों के बारे में पता नहीं था।'

### येदियुरप्पा को बड़ी राहत
## पॉक्सो मामले में पेशी से कर्नाटक हाईकोर्ट ने दी राहत

**बंगलुरु।** होली के पावन पर्व पर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने वरिष्ठ भाजपा नेता को निचली अदालत के सामने पेश होने की अनिवार्यता से छूट दे दी है। दरअसल, येदियुरप्प को 15 मार्च को पॉक्सो मामले के सिलसिले में अदालत में पेश होना था। हालांकि, अब उच्च न्यायालय ने निचली अदालत की ओर से बीएस येदियुरप्पा को जारी समन पर रोक लगा दी है।




इससे पहले पिछले महीने पॉक्सो मामले की अदालत ने येदियुरप्पा समेत अन्य आरोपियों को तलब किया था। अगली सुनवाई पहली फास्ट ट्रैक कोर्ट में होने की बात कही गई थी। कोर्ट ने सह-आरोपी वाईएम अरुणा, रुद्रेश और मारुलासिद्धैया जी. मरिस्वामी को भी समन किया था। इन सभी को पेश होने के लिए कहा गया था। हाईकोर्ट ने हाल ही में पूर्व सीएम येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत दी थी। बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट ने येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया था। मुकदमे में पहले उन्हें हाजिरी से छूट दी गई थी।

# भूकंप से हिल उठी लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की धरती

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के विभिन्न राज्यों में बीते कुछ दिनों से भूकंप की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस कारण लोगों के मन के भीतर किसी अनहोनी की संभावना बढ़ती जा रही है। 14 मार्च की तारीख को सुबह-सुबह भारत के दो प्रदेशों में भूकंप के कारण धरती हिल गई है। शुक्रवार को केंद्रशासित



प्रदेश लद्दाख और नॉर्थ ईस्ट के राज्य अरुणाचल प्रदेश में भूकंप की घटना देखने को मिली है।

#### लद्दाख में भूकंप

शुक्रवार 14 मार्च की तारीख को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के करगिल में भूकंप के कारण धरती डोल उठी। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई है जो कि जोखिम भरी होती है। इस भूकंप के कारण लोग खौफ से भर गए हैं। नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, लद्दाख के करगिल में ये भूकंप देर रात 2 बजकर 50 मिनट पर आया। इस भूकंप का केंद्र धरती से 15 किलोमीटर भीतर था।

#### अरुणाचल प्रदेश में भूकंप

शुक्रवार को नॉर्थ ईस्ट के राज्य अरुणाचल प्रदेश में भी सुबह-सुबह भूकंप की घटना सामने आई। नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में सुबह 6 बजकर 1 मिनट पर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई है।

तमिलनाडु बजट

# महिलाओं, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बड़े ऐलान

▶▶ विपक्ष ने उठाया भ्रष्टाचार का मुद्दा

**एजेंसी । चेन्नई**

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार ने शुक्रवार को तमिलनाडु बजट 2025-26 पेश किया, जिसमें महिलाओं, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा ध्यान दिया गया। आगामी राज्य चुनावों से पहले पेश किए गए इस बजट में महिलाओं के लिए किराया-मुक्त बस यात्रा योजना को प्रमुख स्थान दिया गया। वित्त मंत्री थंगम थेनारासु ने बताया कि इस योजना के तहत राज्य में महिला यात्रियों की संख्या 40% से बढ़कर 65% हो गई है। वर्तमान में 50 लाख महिलाएं रोजाना राज्य परिवहन की बसों में यात्रा कर रही



हैं, और अब तक कुल 642 करोड़ यात्राएं पूरी हो चुकी हैं। इस योजना से महिलाओं को हर महीने औसतन 888 रुपये की बचत हो रही है। इस योजना के लिए 3,600 करोड़ रुपये की सब्सिडी आवंटित की गई है।

#### शिक्षा क्षेत्र में बड़े फैसले

बजट में शिक्षा सुधारों पर जोर देते हुए सरकार ने दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षा और 'एननम एझुथुम थिट्टम' जैसी पहल की घोषणा की। इसके अलावा, राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा रोकी गई 2,152 करोड़ रुपये की राशि का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसके बावजूद शिक्षा क्षेत्र में तमिलनाडु सरकार का समर्थन जारी रहेगा।

# खैबर पख्तूनख्वा में जुमे की नमाज के दौरान बम धमाका

**मौलवी समेत चार घायल**



**एजेंसी । पेशावर**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक मस्जिद में बम धमाका हुआ, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) के जिला प्रमुख मौलाना अब्दुल्ला नदीम भी शामिल हैं। जिला पुलिस अधिकारी आसिफ बहादुर ने बताया कि यह धमाका साउथ वजीरिस्तान की मौलाना अब्दुल अजीज मस्जिद में हुआ। हमलावरों ने मस्जिद के मिम्बर (जहां इमाम खड़े होकर खुतबा देते हैं) में आईईडी छुपाकर रखा था।

#### पहले भी मस्जिदों को बनाया था निशाना"


बम धमाके के बाद पुलिस और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को वाना जिला अस्पताल ले जाया गया। बता दें कि, खैबर पख्तूनख्वा में मस्जिदों को पहले भी निशाना बनाया जाता रहा है, खासकर जुमे की नमाज के दौरान।

#### मदरसे और बन्नू छावनी पर हमलावरों की पहचान

खैबर पख्तूनख्वा पुलिस प्रमुख जुल्फिकार हमीद ने शुक्रवार को बताया कि दारुल उलूम हक्कानिया और बन्नू छावनी में हुए हमलों में शामिल आतंकियों की पहचान हो गई। सीसीटीवी फुटेज और हमलावरों के शरीर के हिस्सों से उनकी पहचान हुई।

# यूनेस्को में बढ़ा भारत का कद

**64 योगिनी मंदिर समेत छह धरोहरों को अस्थायी सूची में मिली जगह**



**एजेंसी । नई दिल्ली**

यूनेस्को में भारत की प्रतिष्ठा और बढ़ गई है। 64 योगिनी मंदिरों सहित छह ऐतिहासिक स्थलों को यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में स्थान मिला है। भारत के स्थायी प्रतिनिधिमंडल ने यह जानकारी साझा की, जिसके अनुसार ये स्थल 7 मार्च को इस सूची में जोड़े गए।

#### छह नए स्थल जोड़े गए अस्थायी सूची में


यूनेस्को में भारत ने एक्स पर लिखा कि इन स्थलों को सात मार्च को सूची में जोड़ा गया था। यदि भविष्य में विश्व धरोहर सूची में शिलालेख के लिए किसी संपत्ति को नामांकित किया जाना है, तो विश्व धरोहर केंद्र की अस्थायी सूची में जोड़ना अनिवार्य है। अस्थायी सूची में जोड़ी गई छह धरोहरों में छत्तीसगढ़ में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, तेलंगाना में मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर, कई राज्यों में बनी मौर्य मार्गों में आने वाली अशोकन एडिक्ट साइट, कई राज्यों में बने चौसठ योगिनी मंदिर, उत्तर भारत के गुप्त मंदिर और मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बुंदेलों के महल शामिल हैं।

#### भारत की विश्व धरोहर सूची में कुल 43 स्थल

वर्तमान में भारत की कुल 43 संपत्तियां यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में अंकित हैं। जिनमें 35 सांस्कृतिक श्रेणी में, सात प्राकृतिक और एक मिश्रित श्रेणी में शामिल है। भारत ने 2024 में पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी की थी। इस दौरान असम में अहोम राजवंश की टीले-दफनाने की व्यवस्था मोइदम को यूनेस्को टैग दिया गया था।

जाफ़र एक्सप्रेस हमला

# भारत ने संलिप्तता के पाकिस्तानी आरोपों को किया खारिज



**एजेंसी । नई दिल्ली**

▶▶ विदेश मंत्रालय का कड़ा जवाब – पाकिस्तान अपनी विफलताओं की जिम्मेदारी ले

भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तान के उस आरोप को सख्ती से खारिज कर दिया, जिसमें जाफ़र एक्सप्रेस ट्रेन हमले में भारत की संलिप्तता का दावा किया गया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रहदनीर जायसवाल ने पाकिस्तान की ओर से लगाए गए आरोपों को ₹निराधार₹ बताते हुए कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए झूठे और बेबुनियाद आरोपों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र कहां है।

#### पाकिस्तान का भारत पर आरोप, आतंकवाद का दावा

गुरुवार को पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि जाफ़र एक्सप्रेस पर हमला करने वाले विद्रोही अफगानिस्तान में स्थित अपने आकाओं से संपर्क में थे। उन्होंने दावा किया, ₹भारत पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है। जाफ़र एक्सप्रेस हमले में शामिल आतंकवादी अफगानिस्तान में अपने सरगनाओं के

#### पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ता तनाव

पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान के बीच संबंध लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, खासकर सीमा पर हो रही झड़पों के कारण। इस्लामाबाद का आरोप है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP), पाकिस्तान में हमलों के लिए अफगान क्षेत्र का उपयोग कर रहा है। हालांकि, काबुल ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

ओडिशा खनन घोटाला

## IAS और IPS अधिकारियों की है संलिप्तता : बीजद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीजेडी नेता बद्री नारायण पात्रा ने राज्य के खनन घोटाले में एक आईएएस और एक आईपीएस अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी क्योंझर जिले में करोड़ों के अवैध खनन और परिवहन घोटाले को बढ़ावा देने में शामिल थे। यह आरोप तब सामने आया जब ओडिशा क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बीजू युवा जनता दल (बीवाईजेडी) के उपाध्यक्ष सौम्य शंकर चक्र (राजा चक्र) को अवैध खनन में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया।

करुवन्नूर बैंक घोटाला

# ईडी ने माकपा सांसद के. राधाकृष्णन को तलब किया

### 15 मार्च को होगी पूछताछ, माकपा ने आरोपों को किया खारिज

**एजेंसी । कोच्चि**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक घोटाले से जुड़े धनशोधन निवारण अधिनियम (PMLA) मामले में माकपा सांसद के. राधाकृष्णन को 15 मार्च को पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, 60 वर्षीय सांसद राधाकृष्णन, जो अलाथुर लोकसभा सीट से माकपा के सांसद हैं, को उनके बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है।

यह मामला जुलाई 2021 में केरल पुलिस की अपराध शाखा द्वारा दर्ज 16 प्राथमिकियों (FIRs) से जुड़ा है।




आरोप है कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर बैंक में करीब 150 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। इस बैंक पर माकपा का नियंत्रण है और इस घोटाले को लेकर पार्टी की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

माकपा का जवाब – "हम कानूनी और राजनीतिक रूप से मुकाबला करेंगे"

माकपा ने ईडी की जांच और आरोपों को खारिज करते हुए इसे "राजनीतिक बदले की कार्रवाई" बताया है।